## खबर संक्षेप

### आगजनी का आरोपी गिरफ्तार

**शहडोल।** जिले के अमलाई थाना में 24 मार्च को फरियादिया द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराया गया कि 23 मार्च की रात्रि को संतोष केवट नाम का व्यक्ति द्वारा फरियादिया के घर में जान-बुझकर आग लगा दिया गया। जिससे घर में रखे लगभग 2 लाख रूपये का सामान जलकर नष्ट हो गया। जिसकी रिपोर्ट पर थाना अमलाई में अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। 25 मार्च को उक्त आरोपी संतोष केवट पिता दशरथ केवट निवासी अमराडण्डी को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय पेश किया गया।

### कोल इंडिया ड्रेस कोड कमेटी में एचएमएस का प्रतिनित्व करेंगे विनय



**शहडोल।** कोल इंडिया में सभी अधिकारियों व कर्मचारियों के लिए ड्रेस कोड बनाया जा रहा है, इसके लिए कोल इंडिया स्तर पर एक समिति का गठन किया गया है। उक्त समिति में एचएमएस का प्रतिनिधित्व कोयला मजदूर पंचायत (एच एम एस) के केंद्रीय महामंत्री विनय सिंह करेंगे। इस संदर्भ में एचएमएस के राष्ट्रीय महामंत्री हरभजन सिंह सिद्धू के निर्देश पर मुख्यालय से पत्र जारी किया जा चुका है। साथ ही उक्त समिति का गठन भी कोल इंडिया प्रबंधन द्वारा कर दिया गया है। जिसकी प्रथम बैठक की तिथि भी आगामी 2 अप्रैल को निर्धारित हो चुकी है। इस समिति में प्रबंधन की तरफ से डीपी एम सील, डीपी डब्ल्यू सी एल ,जीएम ( इस आर) कोल इंडिया, जीएम (एम एम) कोल इंडिया, जीएम ( फाइनेंस) इस ई सी एल व जीएम ( मैन पवार/ औद्योगिक संबंध) कोल इंडिया श्रम संघ के तरफ से बी एम एस की तरफ से सुजीत सिंह, रंजन बेहरा एच एम एस की तरफ से विनय सिंह, एटक की तरफ से अजय कुमार व सीटू की तरफ से संतोष टाय प्रतिनिधित्व करेंगे। कोल इंडिया के सभी अधिकारी व कर्मचारी गण पर ड्रेस कोड अब लागू होगा। इस आशय की जनकारी कोयला मजदूर पंचायत (एच एम एस) द्वारा पत्र प्रतिधियो को दिया गया।

### शहडोल में चमकेंगे पूरे देश के शतरंज खिलाड़ी



**शहडोल।** दशकों के बाद शहडोल में एक बार फिर शतरंज के खिलाड़ी और उसकी बिसात नये सिरे से बिछती नजर आ रही है, जिला शतरंज संघ ने अक्षत खम्परिया आईएम के मार्गदर्शन में शहडोल में राष्ट्रीय खेल का आयोजन किये जाने पर अंतिम मोहर लगाई है। आगामी 2 अप्रैल से 5 अप्रैल तक शहडोल में राष्ट्रीय शतरंज प्रतियोगिता का आयोजन किया जायेगा, इस संदर्भ में संघ के अध्यक्ष रामसरोज मिश्रा, सचिव त्रयंबक तोपखाने वाले, कोषाध्यक्ष अमरजीत सिंह बग्गा, उपाध्यक्ष विकास खरया, सदस्य आनंद ताम्रकार व मनीष सोनी ने बुधवार को आयोजित पत्रकारवार्ता में संयुक्त रूप से आयोजन की जानकारी साझा की।

#### 250 का रजिस्ट्रेशन ईनामों की बौछार

अमरजीत बग्गा ने बताया कि पाली रोड स्थित श्रेयश रिसोर्ट में आयोजन होना है, जिसमें सभी जाति, उम्र और लिंग की सहभागिता होगी, यही नहीं प्रदेश के कई क्षेत्रों से विद्यालयों को भी आमंत्रित किया गया है। बीते वर्षो तक ऐसे आयोजन सिर्फ महानगरों में होते थे, लेकिन शहडोल में संघ की सक्रियता और बीते माहों में आयोजित शतरंज प्रतियोगिता की सफलता के बाद राष्ट्रीय स्तर पर शहडोल का चयन किया गया है। उन्होंने बताया कि देश भर से करीब 150 राष्ट्रीय और अंतराष्ट्रीय शतरंज के खिलाड़ी यहां शिरकत करेंगे। आयोजन का लाईव प्रसारण भी किया जायेगा, श्री बग्गा ने बताया कि संघ का उद्देश्य आदिवासी अंचल में छुपी प्रतिभाओं को सामने लाना और राष्ट्रीय तथा अंतराष्ट्रीय पटल पर उन्हें पहुंचाना हैं।

---

### एक राष्ट्र एक चुनाव कार्यक्रम का हुआ आयोजन, देश की दशा पर हुई चर्चा

# दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र पर भारी पड़ रहे चुनावः आर्य

**शहडोल। भारतवर्ष दुनिया का सबसे बड़ा लोकतांत्रिक देश है। जहां विविध जाति, धर्म और मतों के लोग निवास करते हैं। यही विविधता भारत की सबसे बड़ी विशेषता है, लोकतंत्र का मतलब ही जनता का शासन होता है। संविधान जनता ने बनाया है और अपने देश के लिए बनाया है। लेकिन आज हमारा लोकतांत्रिक स्वरूप बिगड़ रहा है। अब लोकतंत्र और राष्ट्रवाद को महत्व मिलने की बजाय चुनावों के महत्व दिया जाने लगा है। इससे चुनावों में कालाधन और बाहुबल का हस्तक्षेप बढ़ गया है। पांच वर्ष की अवधि में देखा जाए तो चुनाव ही चलते रहते हैं, कभी किसी राज्य में तो कभी किसी राज्य में।**

यह विकृति राष्ट्र के भारी वित्त का क्षरण करती है और राष्ट्र के विकास में बाधक बन जाती है। इसके निवारण के लिए हमें जल्द ही ठोस उपाय तलाशना होगा।

इस आशय के उद्गार मानस भवन आडिटोरियम में बुधवार को आयोजित एक राष्ट्र एक चुनाव कार्यक्रम को संबोधित करते हुए हाईकोर्ट के सेवानिवृत्त जस्टिस रोहित आर्य ने मुख्य अतिथि की आसंदी से व्यक्त किए। उन्होने कहा कि पहले भारत में एक चुनाव प्रणाली ही थी लेकिन 1970 के बाद स्थितियां बदल गईं। कारण यह था कि चलती हुई सरकारों को भी गिराने का काम शुरू कर दिया गया था। जिससे असमय चुनाव होने लगे थे। इसका खामियाजा हम आज तक भोग रहे हैं। अब हालात बदलने चाहिए। इसका एक मात्र विकल्प एक राष्ट्र एक चुनाव की अवधारणा है, जिसे अपनाया जाना चाहिए। आज दुनियां के विकसित देश अमेरिका, स्वीडन, जर्मनी आदि इसी व्यवस्था का पालन कर रहे हैं।

मुख्य अतिथि रोहित आर्य ने अपने उद्बोधन में कहा कि लगभग 4 लाख करोड़ रुपए हर साल चुनाव में खर्च हो जाते हैं। इतनी बड़ी राशि क्यों व्यय करनी पड़ती है यह विचारणीय मुद्दा है। एक राष्ट्र एक चुनाव से खर्च में बचत होगी, चुनावी सुरक्षा और प्रशासन पर व्यय कम होगा। संसाधनों का कुशलता से उपयोग किया जा सकेगा। सुरक्षा बलों और सरकारी मशीनरी का सही इस्तेमाल किया जा सकेगा। चुनावी भ्रष्टाचार में तो कमी आएगी ही सरकारें बिना चुनावी बाधाओं के आर्थिक विकास पर ध्यान दे सकेंगी। राष्ट्रीय एकता को बढ़ावा मिलेगा और पूरे देश में एक समान चुनाव प्रणाली संचालित होगी। खास बात यह भी है कि इससे जवाबदेही और पारदर्शिता में वृद्धि होगी।

कार्यक्रम में स्वागत भाषण प्रस्तुत करते हुए भाजपा जिला अध्यक्ष अमिता चपरा ने अपने स्वागत भाषण में कहा कि एक राष्ट्र एक चुनाव वास्तव में लोकतांत्रिक ढांचे को मजबूत बनाने और विकास की गति को तेज करने के लिए एक राष्ट्र एक चुनाव की परिकल्पना की गई है और उसे क्रियान्वित करने के लिए जन जन की सहभागिता आवश्यक है। हर वर्ग, हर समूह, हर घर को जागरुक कर इस परिकल्पना और अभियान से जोड़ा जाएगा। भारतीय जनता पार्टी के शीर्षस्थ नेता सदैव इस







विषय पर गंभीर रहे हैं। सबसे पहले अटल बिहारी जी ने और फिर प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी जी ने इस प्रणाली पर खुल कर अपने विचार व्यक्त किए।

कार्यक्रम के जिला संयोजक हर्षवर्धन सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि देश को मुद्रास्फीति पर अंकुश लगाने और बार बार होने वाले चुनावों पर व्यय होने वाले अपार धन पर अंकुश लगाने के लिए एक राष्ट्र एक चुनाव प्रणाली को लागू करना ही पड़ेगा। दुनिया के सबसे बड़े लोकतांत्रिक देश में धन और संसाधन किस तरह उपयोग किए जा रहे हैं, पूरा देश केवल चुनावों की गणित में उलझा रहता है। अगर देश के धन और संसाधन को लोकोन्मुखी बनाना है और उसका लाभ उठाना है तो एक राष्ट्र एक चुनाव को अपनाना ही पड़ेगा।

कार्यक्रम के सहसंयोजक चंद्रेश द्विवेदी एडवोकेट ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि एक राष्ट्र एक चुनाव को वास्तव में सामाजिक आंदोलन के रूप में देखा जाना चाहिए। यह राष्ट्रवाद और एक राष्ट्र की अवधारणा का मूल स्त्रोत है। इसी से इसके महत्व की जानकारी मिलती है। यह देश के संघीय ढांचे को मजबूत बनाने और सरकारों को स्थिर रखने वाला एक ठोस तथा कारगर उपाय साबित होगा। वर्तमान में लगभग सभी जाति, धर्म, व संगठनों तथा समूहों के लोग यही चाहते हैं। इस मुद्दे पर 47 राजनीतिक दलों में से 32 दलों ने अपनी सहमति जताई है। राष्ट्र के उत्तरोत्तर विकास और आर्थिक सुदृढ़ता के लिए एक राष्ट्र एक चुनाव ही मुफीद उपाय है। इस दौरान कार्यक्रम को विशिष्ट अतिथि जैतपुर विधायक जयसिंह मराबी और जयसिंहनगर विधायक मनीषा सिंह ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम में सह संयोजक मनोज सिंह आर्मो ने मंच का संचालन किया।

---

# उपक्षेत्रीय प्रबंधक कार्यालय में सीबीआई की रेड

### उप क्षेत्र सबेरिया ऑफिस में कार्यरत लिपिक गिरफ्तार

**उमरिया।** जिले के नौरोजाबाद साऊथ ईस्टन कोल फील्ड्स लिमिटेड जोहिला क्षेत्र के नौरोजाबाद उपक्षेत्रीय प्रबंधक कार्यालय में सीबीआई जबलपुर की टीम ने छापामार कार्यवाही की है। इस कार्यवाही में उपक्षेत्रीय प्रबंधक आफिस मे अधीक्षक (ओएस) के पद पर पदस्थ उमा शंकर तिवारी को पकडक़र घर और आफिस में सीबीआई जबलपुर की टीम ने रेड मार कार्यवाही की है। एसईसीएल के नौरोजाबाद उप क्षेत्र सबेरिया ऑफिस में कार्यरत उमाशंकर तिवारी को सीबीआई ने गिरफ्तार किया।

### कई घंटों चली जांच

सीबीआई के रेड में एसईसीएल के पीएफ क्लर्क और क्षेत्रीय कार्यालय उमाशंकर तिवारी को रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया। सीबीआई द्वारा बताया गया कि शिकायतकर्ता से पहली किस्त के रूप में 1.3 लाख रुपये की रिश्वत मांगने और स्वीकार करने के आरोप में आरोपी पीएफ क्लर्क को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार पीएफ क्लर्क एसईसीएल नौरोजाबाद के उप क्षेत्र कार्यालय में पदस्थ है। सीबीआई ने 24 मार्च को आयुक्त,





कोयला खान भविष्य निधि, क्षेत्रीय कार्यालय, जबलपुर और आरोपी पीएफ क्लर्क (बाबू), उप क्षेत्र कार्यालय, एसईसीएल, नौरोजाबाद, जिला सहित दो आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है कि आरोपी ने शिकायतकर्ता के पिता की लंबित भविष्य निधि जारी करने के लिए 5 लाख रुपये की रिश्वत मांगी थी।

### यह पूरी कहानी

आरोप लगाया गया था कि शिकायतकर्ता के पिता कुदरी कोल माइंस में कार्यरत थे, जिनकी मृत्यु 14 मई 2021 को हो गई थी। शिकायतकर्ता अपने पिता की लंबित भविष्य निधि जारी कराने के लिए कई बार सब एरिया ऑफिस नौरोजाबाद गया, जहां उसकी मुलाकात आरोपी पीएफ क्लर्क से हुई। कथित तौर पर आरोपी ने शिकायतकर्ता को बताया कि उसके पिता की पीएफ राशि लगभग 50-60 लाख रुपये है। यह भी आरोप लगाया गया कि शिकायतकर्ता अपने रिश्तेदार के साथ जबलपुर गया और आरोपी पीएफ क्लर्क से मिला, जिसने इस संबंध में आरोपी आयुक्त, कोल माइंस भविष्य निधि, क्षेत्रीय कार्यालय, जबलपुर से उनकी मुलाकात कराई। आयुक्त के कार्यालय से बाहर आने के बाद आरोपी पीएफ क्लर्क ने कथित तौर पर उन्हें बताया कि उनका काम हो जाएगा ढ़ाई लाख की राशि आयुक्त, कोयला खान भविष्य निधि, क्षेत्रीय कार्यालय, जबलपुर को देनी होगी। इसके बाद आरोपी पीएफ क्लर्क ने कथित तौर पर शिकायतकर्ता के रिश्तेदार को कई बार फोन करके रिश्वत की मांग की और पहली किस्त के रूप में 1,50,000 लाख रुपये देने को कहा। सीबीआई ने जाल बिछाया और आरोपी पीएफ क्लर्क को शिकायतकर्ता से पहली किस्त के रूप में 1.3 लाख रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों पकड़ लिया। इसके अलावा, आरोपी, क्षेत्रीय आयुक्त सीएमपीएफ के निर्देश पर, उसके कार्यालय के सुरक्षा गार्ड ने 1 लाख 30 हजार रुपये की रिश्वत ली। बाद में आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया। सीबीआई द्वारा आरोपी के परिसरों की तलाशी ली गई, जिसमें आपत्तिजनक दस्तावेज बरामद हुए।

---

# एक दशक से युवाओं का रंगमंच बन कर उभरा



**शहडोल।** संभागीय मुख्यालय का रंगमंच पिछले एक दशक से युवाओं का रंगमंच बन कर उभरा है, हालाकि पूर्व में भी यहां रंगमंच होता आया है, जिसे कई संस्थाओ और वरिष्ठ कलाकारों ने संजोया था, लेकिन बीच के कुछ समय में ये विलुप्त प्राय सा हो गया, नई पीढ़ी के कलाकारों को पुनः शहडोल रंगमंच मे सक्रियता के साथ आगे लाने में विशेष योगदान युवा नाट्य एवं लोक कलाकार लकी चतुर्वेदी एवं उनकी टीम, सम्पूर्ण नाट्य एवं लोक कला समिति शहडोल मप्र का रहा, जो लगातार पिछले 13 वर्षो से शहडोल में रंगमंच को लेकर, अपनी युवा टीम के साथ काम कर रहे हैं। लकी चतुर्वेदी ने नाटक मोहनदास, मेघदूत, मंझली रानी, समय कांड, भगतसिंह की वापसी जैसे बड़े नाटक और कई छोटे नाटक का निर्देशन एवं प्रस्तुतिकरण अपनी टीम के साथ किया है, साथ ही लगातार कई विषयों पर हजारों नुक्कड़ नाटकों का मंचन, जिले और प्रदेश के अन्य स्थानों में किया है, जिसमें शासकीय योजनाओं एवं विषयों के प्रचार-प्रसार शामिल है। पिछ्ले सत्र में संस्कृति विभाग मप्र के आयोजनों में भी सहभागिता की व हनुमान लीला नाट्य की प्रस्तुति भी प्रदेश के कई स्थानों में इनकी टीम द्वारा की गई।

पूर्व में वरिष्ठ कलाकारों के मार्गदर्शन में भी कई नाटकों का मंचन अलग-अलग संस्था में किए गए ,लकी चतुर्वेदी की 13 वर्षीय इस रंग यात्रा में उनके युवा साथी कलाकारों ने भी अपना पूरा सहयोग दिया है और सभी ने लगन और मेहनत के साथ काम किया है, जो अब भी जारी है, बीते दिनों इनकी संस्था ने मूर्ति एवं चित्र प्रतियोगिता, कवि सम्मेलन, नाट्य लोक रंग, संगीत संध्या, गीत प्रतियोगिता, नृत्य प्रतियोगिता, नाट्य प्रशिक्षण, लोक गीत लोक नृत्य, लोक वाद्य प्रशिक्षण, नाट्य सामग्री निर्माण प्रशिक्षण भी आयोजित किए, लकी चतुर्वेदी जयसिंहनगर के पुस्तैनी स्थानिक निवासी परिवार से हैं, पिता श्री सुंदर लाल चतुर्वेदी रिटायर्ड पोस्टमैन, माता श्रीमती कुसुम चतुर्वेदी ग्रहणी, लकी जो की कुछ करनें की चाह एवं महाविद्यालयीन शिक्षा के लिए शहडोल 2012 में आएं थें, अपनी प्रतिभा एवं हुनर से उन्होंने आज अपनी पहचान कला के इस क्षेत्र में बनाई है, उन्होंने संस्कृत महाविद्यालय कल्याणपुर से शास्त्री एवं आचार्य की पढ़ाई 2012 से 2017 में पूरी की, लकी अभिव्यक्ति डांस-ड्रामा एवं पर्सनालिटी डेवलपमेंट क्लासेस भी चलाते हैं। लकी ने कई शासकीय विभागों के आयोजनों में अपनी प्रस्तुतियां दी है एवं कई संस्थाओं ने उन्हें कला के क्षेत्र में कार्य योगदान के लिए सम्मानित भी किया है, इनकी संस्था सम्पूर्ण नाट्य एवं लोक कला समिति लगातार सक्रिय है, अपनी कलात्मक प्रस्तुतियां और विभिन्न आयोजनों के माध्यम से, इस कलाकार ने दर्शकों और श्रोताओं का मन मोहा है, अपनी ओर आकर्षित किया है, लकी चतुर्वेदी ने राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय दिल्ली के आयोजन भारत रंग महोत्सव में भी अपनी कला प्रस्तुति बघेली नाटक बसामन मामा के माध्यम से दी। मध्यप्रदेश शासन द्वारा लकी चतुर्वेदी को 2017-18 में सांस्कृतिक आदान-प्रदान यात्रा में चयनित कर मध्यप्रदेश के दल से मणिपुर और नागालैंड की यात्रा में भी भेजा था, जहां दोनों राज्यों के राज्यपाल ने गवर्नर हाउस में सभी को सम्मानित किया, मुख्यमंत्री मध्यप्रदेश एवं राज्य पाल ने भी इस दल की प्रशंसा की , इन्होंने कई विडियो एल्बम, शार्ट फिल्म, बेब सीरीज का भी निर्माण किया एवं कई फ़िल्मों व बेब सीरीज में भी काम किया है, लगातार ये यात्रा चलती जा रही है , टीम के सभी कलाकारों एवं संस्था द्वारा अपने आगामी आयोजनो की तैयारी की जा रही है, वर्तमान में लकी चतुर्वेदी, इन्दिरा कला संगीत विश्वविद्यालय खैरागढ़ छत्तीसगढ़ के नाट्य विभाग में एमपीए नाट्य विषय पर अध्ययन कर रहे हैं, इनकी टीम में 50-60 कलाकारों का दल है, जिसमें बच्चे, युवा युवती, बुजुर्ग सभी है, जो लगातार रंगकर्म एवं बघेलखंड की पारम्परिक संस्कृति से जुड़ कर, नाटक, लोकगीत, लोक नृत्य, नुक्कड़ वा अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रमों आयोजनो में अपनी प्रस्तुति एवं सहयोग देते हैं , जिसके लिए लकी एवं उनकी संस्था को कई मंचों में सम्मानित भी किया गया है।

आज के समय में शहडोल जैसी जगह पर विषम परिस्थितियों में इन कला विधाओं को जीवित रखना, बहुत ही मुश्किल काम है, जिसे इस युवा कलाकार ने जीवन का अहम हिस्सा बना रखा है और इसकी लौ जला रखी है, जबकि शहडोल में ऐसी कोई बेहतर सुविधाएं नहीं हैं, जो इन कला विधाओं को ज्यादा बेहतर करने मे अन्य सहयोग कर सके, न ही कोई बड़े शहरों के तर्ज पर बड़ी संस्था ना कोई बड़ा सर्व सुविधा युक्त बड़ा आडोटोरियम ना कोई शासकीय अनुदान, सबकुछ खुद ही कलाकार मेहनत कर जुटाता हैं और कला प्रेमियों के सहयोग से मंच तक का सफर तय करता है, अपनी अद्भुत कला क्षमता से लकी एवं उनकी संस्था ने अपनी पहचान जिले और संभाग सहित प्रदेश एवं देश में बनाई है, जो की कला के लिए रंगमंच के लिए लोक विधा के लिए आत्मसमर्पित है।

---



# कब्रिस्तान बनने के विरोध में ग्रामीणों ने किया चक्काजाम

### कोतवाली प्रभारी की समझाइश पर माने ग्रामीण

**शहडोल।** जिले में कोतवाली थाना क्षेत्र के ग्राम जुगवारी में बुधवार सुबह स्थानीय ग्रामीणों ने चरनोई भूमि में शव दफनाने के मामले पर विरोध प्रदर्शन करते हुए अंतरा मंदिर तिराहे में चक्काजाम कर दिया। ग्रामीणों का आरोप है कि मुस्लिम समुदाय के लोग चरनोई भूमि में शव दफना रहे हैं, जबकि उनके लिए अलग से कब्रिस्तान के लिए भूमि निर्धारित की गई है। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि वे तत्काल मौके पर आकर इस मुद्दे का समाधान करें, जिसके बाद ही वे अपना विरोध प्रदर्शन समाप्त करेंगे। प्रदर्शन के चलते शहडोल से केलमानिया अंतरा मार्ग पर दो घंटों से यातायात अवरुद्ध हो गया है, जिससे लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

### भूमि अधिकारों का उल्लंघन

विरोध प्रदर्शन के दौरान एक स्थानीय ग्रामीण ने कहा हमारी शिकायत यह है कि मुस्लिम समुदाय के लोग जानबूझकर चरनोई भूमि में शव दफना रहे हैं। यह न केवल हमारी भूमि के अधिकारों का उल्लंघन है, बल्कि इससे हमारे समुदाय के बीच तनाव भी बढ़ता है। हम चाहते हैं कि प्रशासन इस मामले को गंभीरता से ले और जल्द से जल्द इसका समाधान करे। डीएसपी मुख्यालय राघवेंद्र द्विवेदी ने बताया मंगलवार को जुगवारी के ग्रामीण शिकायत करने आए थे, जिसमें उन्होंने बताया था कि समुदाय के लोग चरनोई भूमि में शव दफनाया हैं। आज सुबह से उन्होंने प्रदर्शन शुरू कर दिया है। हम मौके पर जाकर ग्रामीणों की समस्या सुनेंगे और समाधान का प्रयास करेंगे।

### चक्का जाम लगते ही मौके पर पुलिस

इस मामले ने स्थानीय समुदायों के बीच तनाव का माहौल बना दिया है। राजनीतिक दृष्टिकोण से भी यह मुद्दा अहम हो गया है, क्योंकि इससे सामुदायिक सौहार्द पर असर पड़ सकता है। चक्काजाम की जानकारी लगते ही वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची है। थाना प्रभारी लोगों से बातचीत कर उन्हें समझाने की कोशिश कर रहे हैं। लोगों का कहना है कि मामले पर तत्काल जांच कर कार्रवाई की जाए। चक्काजाम करने में दो दर्जन से अधिक लोग सडक़ पर बैठे हुए हैं, जिससे आवागमन कर रहे वाहन चालकों को भारी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है।



### अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद ने किया प्रदर्शन

जुगवारी तहसील सोहागपुर थाना शहडोल पटवारी हल्का 85 खसरा नंबर 245 में हिंदू धर्म के लोगों द्वारा गोवर्धन पूजा की जाती है साथ ही उक्त भूमि गोथान के नाम से खसरा अभिलेख में दर्ज है, उक्त भूमि को समुदाय विशेष के लोगों द्वारा कब्जा कर कब्रिस्तान बनाया जा रहा है कि शिकायत की थी, खबर है कि विशेष समुदाय द्वारा उक्त भूमि बेजा कब्जा किया जा रहा था, जिसके स्थानीय धार्मिक जनों में भारी आक्रोश व्याप्त था, उक्त विषय को लेकर आमजनों सहित अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद राष्ट्रीय बजरंग दल ने जमकर विरोध प्रदर्शन किया और प्रशासन से तत्काल कार्रवाई की मांग की प्रशासन विषय की गंभीरता को देखते हुए न्यायोचित कार्रवाई अतिक्रमण को हटाते हुए मामले को तत्परता से सुलझा दिया व अग्रिम अन्य कार्रवाई के लिए आश्वासन दिया।

---

## कोटवार-कालरी कर्मचारी बेच रहे मध्यप्रदेश शासन के भू-खण्ड

**धनपुरी।** नगर पालिका क्षेत्र अंतर्गत छोटी अमलाई पटवारी हलका बकहो में कालरी कर्मचारी और कोटवार मिलकर गध्यप्रदेश शासन की जमीनों को निजी भू-खण्ड और दशकों पुराना कब्जा बताकर बेचने पर आमादा हैं, इस मामले की शिकायत स्थानीय तहसील कार्यालय से लेकर करीब 2 माह पहले कमिश्नर कार्यालय में आयोजित जनसुनवाई में भी हुई थी, लेकिन अभी तक यह मामला तहसील कार्यालय में जांच और कार्यवाही के बीच अटका है। इधर अतिक्रमणकारियों ने लगातार अन्य भू-खण्डों का भी सौदा और विक्रय करना शुरू कर दिया है, श्रीकांत दाहिया, शंकर दाहिया व रमेश दाहिया के द्वारा मिलकर यह सब खुर्द-बुर्द करने के साथ ही तहसील कार्यालय से हरी झण्डी मिलने का दावा किया जा रहा है, कार्यवाही न होने से उनके दावों को भी बल मिल रहा है। 11 फरवरी को छोटी अमलाई के रहने वाले विनोद दाहिया, पप्पू, रवि व अन्य ने कमिश्नर कार्यालय में लिखित शिकायत में उल्लेख किया कि आराजी खसरा क्रमांक 273/1 के भू-खण्ड पर स्व. ननका प्रसाद दाहिया के पुत्र शंकर , रमेश व श्रीकांत मध्यप्रदेश शासन के बड़े भू-खण्ड पर कब्जा किये हुए हैं और उन्होंने शपथ पत्र के माध्यम से भूमि का विक्रय धनपुरी के पुरूषोत्तम वर्मा के साथ ही छोटी अमलाई में रहने वाले अशोक मोदक को किया था, वर्तमान में भी प्लाट बनाकर लगातार बेचे जा रहे हैं। कालरी में कार्यरत होने के कारण स्थानीय कोल प्रबंधन में यूनियन के माध्यम से अपना दबाव बनाने का दावा किया जा रहा है। यही कारण है कि लंबा समय होने के बाद भी अभी तक कोई कार्यवाही होती नजर नहीं आई। 23 फरवरी को इस मामले में तहसीलदार बुढ़ार भावना डेहरिया के निर्देश पर स्थानीय पटवारी, आरआई मौके पर पहुंचे थे, सोशल मीडिया में पटवारी के द्वारा बनाया गया पंचनामा भी वॉयरल हो रहा है, जिसमें उल्लेख किया गया है कि आराजी खसरा नंबर 273/1 कुल रकवा 2.994 हेक्टेयर भूमि पर कब्जा करके श्रीकांत दाहिया व उनके भाईयों द्वारा क्रमशः 4400 स्क्वॉयर फिट और 1600 स्क्वॉयर फिट अशोक मोदक और पुरूषोत्तम वर्मा को बेची गई है, जो मध्यप्रदेश शासन के नाम पर दर्ज है।

खबर संक्षेप

## किशोरी को बहला कर अपहरण का मामला दर्ज


**कोतमा।** थाना अंतर्गत 16 वर्षीय किशोरी के बहला फुसला कर अपहरण कराए जाने के मामले में आरोपी बैद्यनाथ कुशवाहा 32 वर्ष निवासी बुढ़ानपुर के खिलाफ नाबालिग लड़की के अपहरण में शामिल होने की धारा 137 (2), 87 बीएनएस के तहत मामला दर्ज करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया गया। जमानत नामंजूर कर आरोपी को सलाखों के पीछे भेजा गया। विवेचक एएसआई बृजेश पांडे ने बताया कि आरोपी के द्वारा एक किशोरी के अपहरण करने में अपने रिश्तेदार मुख्य आरोपी का सहयोग किया गया।

## जमीनी विवाद को लेकर शिकायत दर्ज

**कोतमा।** थाना अंतर्गत गढ़ी गांव में रहने वाले राम प्रसाद उर्फ दान के द्वारा जमीन विवाद को लेकर दूसरे पक्ष के सूबेलाल सहित अन्य के खिलाफ जबरन कब्जा कर मकान निर्माण किए जाने को लेकर आरोप लगाते हुए शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस के द्वारा दोनों पक्षों के जमीनी दस्तावेजों के साथ मामले की जांच की जा रही है।

## 8891 किसानों ने गेहूं विक्रय के लिए कराया पंजीयन

**उमरिया।** जिला आपूर्ति अधिकारी बी.एस.परिहार ने बताया कि जिले में गेहूं विक्रय के लिए 8891 किसानों ने अपना पंजीयन कराया है , जिसमें मानपुर तहसील में 5585 किसानों ने, चंदिया तहसील में 1145 किसानों ने, बिलासपुर तहसील में 785 किसानों ने, करकेली तहसील में 326 किसानों ने, नौरोजाबाद में 336 किसानों ने, पाली तहसील में 276 किसानों ने तथा बांधवगढ तहसील में 338 किसानों ने अपना पंजीयन कराया है । जिले के गेहूं विक्रय के इच्छुक सभी किसानो से अपेक्षा की गई हैं कि समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन योजना का अधिक से अधिक लाभ अर्जित करने हेतु शासन की नियत अवधि 31 मार्च 2025 तक समर्थन मूल्य पर गेहूं विक्रय के लिये अपना पंजीयन नजदीकी पंजीयन केन्द्र पर या कियोस्क सेंटर से भी कर सकते है ।




### ऑफ रिकार्ड पंचायत में चल रही ठेकेदारी, जांच की मांग

# बिना बेस कर दिया सीसी सड़क का निर्माण

मानपुर। जनपद पंचायत मानपुर अंतर्गत ग्राम पंचायत उमरिया में अमृतलाल कुशवाहा के घर से कुशवाहा तालाब तक 200 मी लंबी सडक़ का निर्माण कार्य कराया जा रहा था, जिसमें बिना बेस के रोड बनाई जा रही थी एवं मिट्टी बराबर कर सीसीरोड की ढलाई की जा रही थी, जब इस संबंध में कतहुरा कुशवाहा उमरिया निवासी जो कि सीसी रोड में कार्य कर रहे थे, जब बेस के बारे में जानकारी चाही गई तो, उनके द्वारा कहा गया कि रोड के नीचे कोई बेस नहीं है, इसका सीधा मतलब है कि बेस ना डालकर बेस का पैसा अपनी जेब में रखा जा रहा है, वहीं दूसरी ओर नत्थू काछी से भी जानकारी चाही गई तो, कहां गया की रोड में बेस नहीं है, श्री कृष्णा कंस्ट्रक्शन और सरपंच-सचिव के द्वारा भारी भ्रष्टाचार कर लीपापोती की जा रही है।



### बिना इंजीनियर के निर्माण

वहीं दूसरी ओर कहा जाए तो अमृतलाल कुशवाहा के घर से कुशवाहा तालाब तक सीसी रोड का जो निर्माण कार्य हो रहा है उसमें बिना इंजीनियर की अनुमति के ही निर्माण कार्य हो रहा है जब इस संबंध में उप यंत्री अनिल तिवारी से जानकारी चाहि गई तो उनके द्वारा कहा गया कि हमें इस बात की जानकारी नहीं है इससे यह साफ-साफ सिद्ध होता है कि बिना इंजीनियर की अनुमति के ही निर्माण कार्य हो रहा है

### भ्रष्टाचार पर लगाया जाए लगाम

जनपद पंचायत मानपुर अंतर्गत ग्राम पंचायत उमरिया के अमृतलाल कुशवाहा के घर से कुशवाहा तालाब तक सीसी रोड का निर्माण कार्य हो रहा है, उसे अविलंब एसडीओ, इंजीनियर एवं जनपद में बैठे मुख्य कार्यपालन अधिकारी मौके पर जाकर निरीक्षण करें, जिससे यह पता चल सकेगा कि कितनी मजबूती से निर्माण कार्य हो रहा है।

### निर्माण एजेंसी का नहीं लगा बोर्ड

सरपंच उमरिया लोकेश कुशवाहा ने गोल-मोल जवाब देते हुए 20 लाख रुपए की लागत से निर्माण कार्य होना बताया गया, जबकि सच्चाई तो यह है की निर्माण एजेंसी श्री कृष्णा कंस्ट्रक्शन एवं सरपंच-सचिव के अनुमति से ही निर्माण कर हो रहा है,




जिसकी लागत 8 लाख 16 हजार की लागत से निर्माण कर हो रहा है, वहीं दूसरी ओर कुछ सीसी रोड बनकर तैयार हो गई है, जिसमें बोरा की जगह पैरा बिछाया जा रहा है, अगर सिंचाई करवाएंगे और किसी को चोटे आती हैं तो, इसकी जिम्मेदार कौन होगा। सरपंच-सचिव या जनपद में बैठे जिम्मेदार अधिकारी से कलेक्टर एवं जिला पंचायत सीईओ व जनपद में बैठे मुख्य कार्यपालन अधिकारी से जनापेक्षा है कि ग्राम पंचायत उमरिया में बन रहे सीसी रोड कार्य का निरीक्षण किया जाए कि कितनी मजबूती से सीसी रोड बनवाई जा रही है, अगर कमजोर बनाई जा रही है तो, कृष्ण कंस्ट्रक्शन एवं सरपंच-सचिव को हिदायत दिया जाए कि मजबूती से निर्माण कार्य कराए , जिससे सीसी रोड का भविष्य उज्जवल हो और उमरिया ग्राम में बसे हुए ग्रामीणों को सीसी रोड में आवागवन करने का सुलभ वा सटीक रास्ता मिले।

### इनका कहना है...

आपके द्वारा जानकारी दी गई है, हमें मालूम नहीं है कि कहां पर सीसी रोड का निर्माण कार्य हो रहा है।
**अनिल तिवारी**
**उपयंत्री**
**जनपद पंचायत मानपुर**

आपके द्वारा जानकारी दी गई है, हम कल इस मामले को दिखाते हैं।
**शैलेन्द्र सिंह**
**एसडीओ**
**जनपद पंचायत मानपुर**

# भ्रष्टाचार जांच की फाइल खा रही धूल

### कार्यवाही की बजाय भ्रष्टाचारियों को मिला अभयदान

**मानपुर।** जनपद पंचायत मानपुर अंतर्गत ग्राम पंचायत माला में वर्ष 2017 से दिसंबर वर्ष 2020 तक राजेंद्र यादव पिता सोमाली यादव रोजगार सहायक ग्राम पंचायत माला में वित्तीय प्रभात सचिव के पद पर पदस्थ थे, 22 जनवरी को लिखित शिकायत दस्तावेज के साथ जनपद पंचायत के आवक-जावक में दिया गया था, लेकिन आज दिनांक तक कोई कार्यवाही नहीं हुई एवं वित्तीय सचिव कार्यकाल में राजेन्द्र यादव का जॉब कार्ड नंबर 370 था, जॉब कार्ड में दर्ज नाम रामबाई पत्नी है, प्रिया यादव पुत्री है, पुष्पेंद्र यादव पुत्र है, जबकि वर्ष 2017 एवं 2018 में मानपुर प्राइवेट स्कूल गणेश उच्चतर माध्यमिक शाला मानपुर में नियमित छात्र थे और स्कूल में हाजरी दर्ज थी और ग्राम पंचायत माला के निर्माण कार्यों में राजेन्द्र यादव रोजगार सहायक साथ में वित्तीय सचिव भी थे, जो की फर्जी तरीके से सार्वजनिक परिसर वृक्षारोपण कार्य वर्क कोड नंबर 1740001049 आईडी 22012034343451 पर पुष्पेंद्र, प्रिया, राम बाई के नाम भुगतान स्वयं किया है, सुदूर सडक़ कार्य चरण गंगा नदी से प्रधानमंत्री रोड तक जमुनारा वर्क कोड 174000/आर सी/ 22012034382516 पर फर्जी भुगतान किया गया है, अपने पत्नी पुत्र-पुत्री के नाम पर एवं तालाब विस्त्रीकरण सरमनिया तालाब बिस्तरीकरण रोहनिया तालाब विस्ततरीकरण बेलहा घाट कथली नवीन तालाब निर्माण मुरधवचा जमुनारा में इसी तरीके से फर्जी भुगतान किया गया है, ग्राम जमुनारा में जिला स्तर से स्वीकृति निर्माण बाउंड्री वॉल स्वीकृत राशि 5 लाख रुपए थी, जिसमें आज दिनांक तक उपयंत्री के द्वारा मूल्यांकन नहीं किया गया है, संपूर्ण राशि 5 लाख स्वयं आहरण कर लिया गया है, इस संबंध में पूर्व सरपंच रजनी घासी के फर्जी हस्ताक्षर कर भुगतान किया गया है, इस संबंध में जनपद पंचायत मानपुर में सूचना भी दी गई थी, इतना ही नहीं राजेन्द्र यादव रोजगार सहायक वित्तीय सचिव प्रभार में रहते हुए अपने पत्नी के नाम कर्मकार मंडल कार्ड जनपद पंचायत मानपुर के साथ घाट में राशि देकर फर्जी तरीके से जॉब कार्ड बनवाकर राशि 51 हजार रुपए का भी आहरण कर लिया गया, अपनी बेटियों की शादी में जो शासन की राशि का दुरुपयोग किया गया है। राजेन्द्र यादव के विरूद्ध जांच कर दोषी पाए जाने पर पद से मुक्त एवं सेवा समाप्त किया जाये और अगर इनके खिलाफ कोई कार्यवाही नहीं होती तो सूचनाकर्ता द्वारा न्यायालय में याचिका दर्ज करवाने को मजबूर हो जाएंगे।




# दो माह के अपहरित बच्चे को सकुशल खोजकर मां से मिलाया

### महिला आरोपी के विरूद्ध की गई कार्यवाही

**उमरिया।** फरियादिया द्वारा अपने नवजात बच्चे वर्तमान उम्र करीब 2 माह को आरोपिया रामकली कोल द्वारा बच्चे के जन्म के कुछ दिन बाद ही यह कहकर कि तुम्हारा स्वस्थ्य अभी ठीक नही है तुम बच्चे का ध्यान नही रख पाओगी, तुम जब तक ठीक नही हो जाती तब तक बच्चे का ध्यान मैं रखती हूँ इस तरह की बातो में बहला फुसलाकर बच्चे का ले जाकर उमरिया से कही बाहर ले गई है। बार-बार कहने पर भी मेरा बच्चा वापिस नही कर रही है, फरियादिया की रिपोर्ट पर महिला आरोपी रामकली कोल के विरूद्ध थाना कोतवाली में धारा 137(2), 142 बीएनएस कायम कर विवेचना में लिया गया ।

प्रकरण नवजात बच्चे से जुड़ा हुआ था जिस पर मामले की गंभीरता एवं संवेदशीलता को दृष्टिगत रखते हुये पुलिस अधीक्षक उमरिया निवेदिता नायडू एवं अति. पुलिस अधीक्षक उमरिया द्वारा थाना प्रभारी कोतवाली को आरोपी महिला एवं बच्चे को खोजने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये । थाना प्रभारी कोतवाली द्वारा तत्काल पुलिस टीम को महिला आरोपी एवं बच्चे की पता-तलाश हेतु रवाना किया गया । टीम द्वारा आरोपी के बारे मे पूछताछ कर भौतिक एवं तकनीकी साक्ष्य एकत्रित किये गये जिस पर आरोपिया का बच्चे को लेकर नरसिंहपुर जिला में होने की जानकारी प्राप्त हुई पुलिस टीम तत्काल संभावित स्थान पर पहुंचकर खोजबीन की परंतु आरोपियां हाथ नही लगी । पुलिस द्वारा निरंतर प्रयास जारी रखे गये जिससे अंततः 2 माह के बच्चे को सकुशल खोजने एवं आरोपियों को पकडऩे में सफलता हाथ लगी ।

पुलिस द्वारा बच्चे का मेडीकल परीक्षण कराया गया, बच्चा पूर्णतः स्वस्थ है बच्चे को मां को सुपुर्द किया गया साथ ही महिला आरोपी के विरूद्ध कार्यवाही की जाकर माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया जाता है ।

# ग्राम पंचायत उजान में निकाली गई प्रभात फेरी



**उमरिया।** राष्ट्रीय सेवा योजना सात दिवसीय विशेष शिविर के चौथे दिवस ग्राम पंचायत उजान में गांववासियों के बीच प्रभातफेरी निकाली गई । प्रभातफेरी खेर माता मंदिर से भजन के साथ प्रारंभ हुई । प्रभात फेरी ने गांव की परिक्रमा की । विशेष शिविर के योग अधिकारी जितेंद्र कुमार के द्वारा सूर्य नमस्कार, कुंभक, वज्रासन, प्रारंभिक धनुरासन, शवासन और व्यायाम अपने निर्देशन में सभी शिविरार्थियों का अभ्यास करवाया तथा योग और व्यायाम के सकारात्मक प्रभावों का विश्लेषण किया।।परियोजना कार्य के दौरान ग्राम पंचायत उजान की सेवा स्वच्छता ही सेवा है के मंत्र को मन में रख कर की गई, साथ ही माध्यमिक विद्यालय की सेवा भी सारे प्रांगण की साफ सफाई, बौद्धिक कक्ष और सांस्कृतिक मंच की साज सज्जा रासेयो महाविद्यालय इकाई अधिनायक और कोर टीम के निरीक्षण में कार्यक्रम अधिकारी के निर्देश अनुसार शिविरार्थियों द्वारा संपन्न की गई।ग्राम पंचायत उजान विकास खण्ड करकेली में विषय (डिजिटल भारत का मानसिक स्वास्थ्य पर प्रभाव) पर स्वयंसेवक दीपांशु गुप्ता के कुशल संचालन में सह कार्यक्रम अधिकारी जितेंद्र कुमार मुख्य वक्ता रहे । कार्यक्रम में स्वयं सेवक सत्यभान कोरी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे । कार्यक्रम की अध्य क्षता स्वयंसेवक संजय मरावी ने की । अरविंद शाह बरकड़े जी के द्वारा आभार प्रकट कर किया गया।। बौद्धिक सत्र के पश्चात सभी स्वयंसेवक रैली के माध्यम से ग्राम पंचायत उजान के निवासियों के साथ जुडऩे और अपने उद्देश्यों को साझा करने हेतु खेर माता मंदिर पहुंचे और सामूहिक नृत्य, काव्यपाठ के माध्यम से नशामुक्त ग्राम की राष्ट्रीय सेवा योजना की परिसंकल्पन को बड़ी संख्या में एकत्र हुए ग्राम वासियों के बीच प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया।सांस्कृतिक कार्यक्रम के दौरान सभी शिविरार्थीयों ने स्वागत गीत, देशभक्ति काव्यपाठ और सामूहिक नृत्य, प्रस्तुति किया और सभी दर्शकों को सामाजिक एकता और संवेदनशीलता का मुखर संदेश देने का सफल प्रयास किया।

# विश्व क्षय रोग दिवस पर लोगों को किया टीबी के प्रति जागरूक

**उमरिया।** विश्व क्षय रोग दिवस पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एस.बी चौधरी व क्षय नोडल अधिकारी डॉ.मुकुल तिवारी के मार्गदर्शन पर जिले की सक्रिय युवाओं की टोली युवा टीम उमरिया द्वारा टीबी से बचाव के लिए ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों पर दीवारों पर नारे लिख टीवी के प्रति जागरूक किया गया। इसी क्रम में ग्राम पंचायत पिपरिया विकासखंड मानपुर के दीवारों पर टीवी जागरूकता नारे लिखे लोगों को जागरूक किया गया। टीम संयोजक हिमांशु तिवारी ने बताया कि दीवारों पर जागरूकता नारे लिख लोगों को टीवी रोग से बचाव जानकारी दी जा रही है। उन्होंने कहा कि किसी भी व्यक्ति को दो हफ्ते से अधिक खांसी का होना, लगातार बुखार होना, रात में पसीना आना और वजन बढऩा-घटना आदि टीबी बीमारी के लक्षण हो सकते हैं। उन्होंने कहा कि दो सप्ताह से अधिक समय से खांसी आना, वजन घटना, खांसी के साथ खून आए तो इसको नजर अंदाज न करें, बल्कि तुरंत बलगम की जांच कराएं। टीबी रोग निकलता है तो इसकी दवा करें, नियमित दवा खाने से ये रोग ठीक हो सकता है।बच्चे इस दिशा में सावधानी बरतें, जो लक्षण बताए गए हैं, अगर किसी को ऐसी शिकायत मिले तो अपने परिवार के लोगों को बताएं, जिससे जांच के साथ दवाएं शुरू कर जा सके। दीवार लेखन के दौरान हिमांशु तिवारी,खुशी सेन,महक सोनी, खुश्बू बर्मन, लक्ष्मी महोबिया, सौरभ पांडे एवं सभी उपस्थित रहे।




## जिला अधिकारियों की लगाई ड्युटी

**उमरिया।** कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन ने पोषण भी पढाई भी प्रशिक्षण की मानीटरिंग के लिए जिला अधिकारियों की ड्युटी लगाई है । पोषण भी पढाई भी के तहत 27 मार्च से 29 मार्च तक प्रशिक्षण कन्या शिक्षा पाली में आयोजित किया गया है जिसके लिए के के पांडे उप संचालक पशु चिकित्सा सेवाएं की ड्युटी लगाई है । अधिकारी प्रशिक्षण स्थल के सभी बैचो का नियमित रूप से मानीटरिंग किया जाना सुनिश्चित करेंगे । यह आदेश तत्काल प्रभावशील हो गया है । प्रशिक्षण प्रातः 9 बजे से सायं 5 बजे तक आयोजित किया गया है ।

## मंगल भवन की सफाई एवं पेयजल व्यवस्था के कलेक्टर ने दिए निर्देश

**उमरिया।** श्रीराम जन्मोवत्सव के अवसर पर सांस्कृतिक प्रस्तुति प्राकट्य पर्व कार्यक्रम 6 अप्रैल को मंगल भवन परिसर में आयोजित किया गया है । कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन ने कहा है कि मुख्य नगर पालिका अधिकारी किषन सिंह को आयोजन के कलाकारो के आवास एवं कार्यक्रम की प्रस्तुति हेतु 6 अप्रैल को श्रीराम नवमी के अवसर पर पूर्ण मंगल भवन परिसर में साफ सफाई एवं पेयजल व्यवस्था किया जाना सुनिष्चित करेंगे।



# बेलगाम हुये नगर में भू माफिया

**कोतमा।** आए दिन शासकीय एवं निजी भूमियों पर कब्जा करने से नहीं घबराते हैं। ऐसा ही एक मामला मंगलवार को सामने आया जिसमें वार्ड क्रमांक 7 मंगल भवन के सामने सार्वजनिक रोड पर बसंत तिवारी द्वारा गड्ढा करते हुए बीच सड़क पर दीवाल उठाने का कार्य शुरू कर दिया गया। सड़क बंद कर निर्माण कार्य किए जाने की जानकारी के बाद आसपास रहने वाले आधा सैकड़ा से ज्यादा लोग एकत्र होकर विरोध करते हुए घटना की जानकारी नगर पालिका अध्यक्ष एवं प्रशासन को दी। मौके पर नगर पालिका अध्यक्ष अजय सराफ व राजस्व अधिकारियों ने पाया कि 30 वर्षों से ज्यादा समय से आम रास्ता बना हुआ है साथ ही बिना अनुमति के बसंत तिवारी द्वारा निर्माण करना पाए जाने पर तत्काल निर्माण कार्य को रूकवाते हुए अनुमति लेकर और जमीन की जांच कराने की बात कही। वार्ड वासी रिंकू चौरसिया, राजकुमार, अमित ,श्यामलाल, संतोष, सुशील सिंह सहित अन्य लोगों ने मामले को लेकर नगर पालिका एवं राजस्व अधिकारी को शिकायत कर वर्षों से उपयोग हो रहे सार्वजनिक मार्ग पर कब्जा करने एवं कानून व्यस्था बिगाड़ने पर प्रभावी कार्रवाई की मांग की गई है।

# आईपीएल शुरू होते ही नगर में फिर सक्रिय हुआ सटोरियों का नेटवर्क

### बदनाम सटोरियों ने बदरा में बनाया ठीहा

**कोतमा।** सटोरियों द्वारा युवावर्ग, कॉलरी श्रमिकों एवं व्यापारी पुत्रों को आईपीएल सट्टे के जाल में फंसा कर बरबाद किया जा रहा है। तेजी से संचालित सट्टे में नगर के हर चौक चौराहों में मोबाइल के माध्यम से मैच की हार जीत एवं रन, विकेट पर जमकर दांव लगाया जा रहा है। जिसमें खेलने वाले मालामाल और खिलाने वाले बरबाद होकर कर्ज के बोझ तले दबते जा रहे है। नगर में चिन्हित 1 दर्जन से ज्यादा सटोरियों ने पुलिस से बचने के लिए नई योजना बनाते हुए नगर से बाहर अपना अड्डा बनाया है जिसमें नई सिम और नंबर लेकर खेलने वालों को बाट दिया गया है। बदरा में क्रिकेट सट्टे का बड़ा नेटवर्क बनाया गया है जिसमें नामी लोगों के द्वारा सिंडिकेट बनाकर खिलवाया जाता है। ऑनलाइन आईडी का फैलाया जाल सट्टा सरगना द्वारा नगर से बाहर होकर अपने कारोबार को अंजाम दे रहे है वही ऑनलाइन माध्यम से भी युवाओं के मोबाइल में ही सट्टे की आईडी एप दे दिया है जिसमें युवा वर्ग अपने मोबाइल में ही क्रिकेट सट्टे के हर बाल एवं मैच पर जीत हार का दांव लगा रहे हैं। दूसरी ओर कई नामी सटोरियों ने पुलिस के डर से नगर को छोड़ते हुए छत्तीसगढ़, शहडोल एवं अन्य जगहों पर अपना अड्डा बनाकर फोन के माध्यम से हर बाल पर मैच एवं रनों सट्टा लगवा रहे है। नगर के स्टेशन चौक, मुर्गी बाजार, बनिया टोला, बस स्टैंड, टॉकीज रोड, श्रमिक नगर, वार्ड 8, विकास नगर सहित अन्य जगहों पर क्रिकेट के बड़े बुकियो के ठीहे बने हुए हैं। जिनके द्वारा प्रतिदिन लाखों रुपए की खाई बाजी करते हुए नगर भर में युवाओं एवं बड़े व्यापारियों के पुत्र को सट्टे के मकड़ जाल में फंसा कर उनका शोषण किया जा रहा है। खाता खोलने वाला गिरोह भी सक्रिय इस बार आईपीएल के सटोरियो द्वारा आनलाइन सट्टा खिलाने का भी सिस्टम चालू किया है जिसके लेनदेन हेतु बोगस खातों की जरूरत पड़ती है। जिसके लिए कुछ चिन्हित बैंक के कर्मचारियों से साठ गांठ कर बेरोजगार युवाओं के खातों का भी उपयोग करना शुरू कर दिया है। बदले में 5 से 20 हज़ार देकर उक्त खातों में लाखो का लेनदेन करते है। बड़े स्तर पर ट्रांजेक्शन होने के बाद खाते बंद कर दिया जाता है। नगर के साहू टोला रेस्ट हाउस रोड, बनिया टोला के पास खाता खोलने वाले दलाल सक्रिय है।जो प्रतिदिन नए-नए खातों को खुलवाने के लिए कोतमा एवं अन्य जगहों के बैंकों में युवाओं को ले जाकर उनके खाते खुलवाते हुए सारे दस्तावेज रूपी किट अपने पास रखकर महीने दो महीने उसमें लाखों का लेनदेन करते हैं। नगर के एक किराना व्यापारी के पुत्र द्वारा फांसी लगाकर मौत को गले लगाया था। जिसके परिजनो द्वारा मौत का कारण ऑनलाइन क्रिकेट सट्टा एवं सूदखोरी को मानते हुए प्रदेश स्तर तक शिकायत कर सटोरियों पर कार्यवाही एवं रोक की मांग की गई है।



**कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) पुष्पराजगढ**
**जिला अनूपपुर म.प्र.**
**कमांक 199/अनु.अधि./2025**
**पुष्पराजगढ दिनांक 26.03.2025**
**आम इश्तहार**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री कल्याण सेवा आश्रम अमरकंटक तहसील पुष्पराजगढ़ जिला अनूपपुर द्वारा प्रस्तुत आवेदन अनुसार ग्राम अमरकंटक तहसील पुष्पराजगढ़ की भूमि खसरा नंबर 210/1 रकवा 8.802 हे. भूमि का अंशभाग 0.809 हे. भूमि कल्याण सेवा आश्रम अमरकंटक के पक्ष में आवंटित किये जाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

अतः ग्राम अमरकंटक तहसील पुष्पराजगढ़ स्थित शासकीय भूमि खसरा नंबर 210 / 1 रकवा 8.802 हे. भूमि का अंशभाग 0.809 हे. भूमि पर दावा करने वाले कोई व्यक्ति / संस्था या श्री कल्याण सेवा आश्रम अमरकंटक के पक्ष में आवंटित किये जाने में जिस किसी भी व्यक्ति / संस्था को आपत्ति हो तो वह दिनांक 11.04.2025 को या उसके पूर्व इस न्यायालय में दावा / आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है । म्याद समाप्त होने पर प्रस्तुत दावा / आपत्ति पर कोई विचार नही किया जायेगा तथा प्रकरण में अग्रिम कार्यवाही की जावेगी।

**अनुविभागीय अधिकारी (रा.)**
**पुष्पराजगढ जिला अनूपपुर म.प्र.**

## खबर संक्षेप

### सूर्य उपासना कार्यक्रम सफल बनाने अधिकारी तैनात

**उमरिया।** प्रदेश के सभी मुख्यालयों में 30 मार्च 2025 को पूर्वान्ह सूर्य उपासना कार्यक्रम के निर्देश दिए गए है। आयोजन अंतर्गत पूर्व परंपरा से श्रीमहाकालेश्वर मंदिर उज्जैन के शिखर पर समय समय पर स्थापित किए जाने वाले ब्रम्हध्वज को प्रमुख मंदिरो एवं स्थलो पर स्थापित कर नाट्य प्रस्तुति सम्राट विक्रमादित्य का मंचन किया जाना है। सूर्य उपासना कार्यक्रम के तहत आयोजित किए जाने वाले सामग्र विक्रमादित्य मंचन कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु अधिकारियों को उत्तरदायित्व सौंपे गये है जिसमें अपर कलेक्टर शिवगोविंद सिंह मरकाम को नोडल अधिकारी, आर एस मरावी जिला शिक्षा अधिकारी, किशन सिंह ठाकुर मुख्य नगर पालिका अधिकारी सीएमओ को सहायक नियुक्त किया गया है।

### दुष्कर्म के मामले में फरार वारंटी को किया गिरफ्तार

**कटनी।** बलात्कार के मामले में फरार चल रहे एक वारंटी को बरही पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। एसपी अभिजीत कुमार रंजन एवं अनुविभागीय अधिकारी पुलिस विजयराघवगढ वीरेंद्र धार्वे के व्दारा अपराधियो की गिरफ्तारी हेतु निर्देशित किया गया है। दुष्कर्म के मामले लम्बे समय से फरार आरोपी वारंटी सूर्यकांत पटेल पिता रोहणी प्रसाद पटेल 22 साल निवासी ग्राम बुजबुजा की तलाश पतासाजी बरही पुलिस द्वारा लगातार की जा रही थी जिसे मुखबिर सूचना के आधार पर 25 मार्च को बरही पुलिस द्वारा गिरफ्तार कर लिया गया। आरोपित को न्यायालय में पेश किया गया जहां से उसे जेल भेजने की कार्यवाही की गई। कार्यवाही में थाना प्रभारी शैलेन्द्र सिंह यादव, प्र आर अजय पाठक, व्यास गुप्ता, आर. विवेक श्रीवास्तव, अवधेश प्रताप सिंह, सुनील मरकाम की भूमिका रही।

### विक्रमोत्सव पर ऑडिटोरियम में 30 को होगा कार्यक्रम

**कटनी।** संस्कृति विभाग द्वारा रविवार, 30 मार्च को प्रातः 10 बजे से चौत्र नवरात्र के प्रारंभ अवसर एवं गुड़ी पड़वा पर्व पर नगर निगम आडिटोरियम बस स्टेंड के पास विक्रमोत्सव 2025 का भव्य आयोजन किया जाएगा। इसके लिए कलेक्टर दिलीप कुमार यादव द्वारा अनुविभागीय अधिकारी राजस्व कटनी को समन्वय अधिकारी नियुक्त किया है। वहीं आयुक्त नगर पालिक निगम कटनी को नोडल अधिकारी तथा डॉ सुनील बाजपेयी प्राचार्य तिलक कॉलेज और पी.पी.सिंह जिला शिक्षा अधिकारी को सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त किया है। कार्यक्रम में रविवार 30 मार्च को पूर्वान्ह में सूर्य उपासना कार्यक्रम अंतर्गत प्रमुख मंदिरों एवं शासकीय भवनों पर ब्रम्ह ध्वज स्थापित करनें तथा सम्राट विक्रमादित्य विक्रमादित्य नाटक की प्रस्तुतियां भी स्थानीय कलाकार एवं छात्रों द्वारा प्रस्तुत की जाएंगी। कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को संस्कृति संचालनालय से संपर्क एवं समन्वय कर गरिमापूर्ण कार्यक्रम आयोजित कराने के निर्देश दिए हैं।

### जल संरक्षण कार्यों के लिए चलेगा जल गंगा संवर्धन अभियान

**कटनी।** शासन के निर्देशानुसार 30 मार्च से 30 जून 2025 तक जल गंगा संवर्धन अभियान चलाया जाएगा। इस दौरान जिले के जिन क्षेत्रों में भू-जल स्तर में तेजी से गिरावट हो रही है तथा गर्मियों में पेयजल का संकट हो सकता है, ऐसे क्षेत्रों को कार्ययोजना में शामिल किया जाएगा। ग्रामीण विकास विभाग की मनरेगा योजना तथा अन्य योजना से जल संवर्धन और संरक्षण के कार्य प्राथमिकता से कराए जाएंगे। इसके अलावा परंपरागत जल स्त्रोतों के जीर्णोद्धार एवं विकास के कार्य शामिल कर प्रत्येक ग्राम पंचायत में उपयुक्त स्तर पर कम से कम एक कार्य आवश्यक रूप से कराया जाएगा। साथ ही वर्षा जल को संरक्षित करने के लगातार प्रयास के लिए जल गंगा संवर्धन अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान में स्वयंसेवी संस्थाओं, सामाजिक संगठनों तथा आम जनता की भी भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी।

---

### बरही तहसील क्षेत्र के ग्राम बम्हौरी की महिलाओं ने की कलेक्टर से कार्यवाही की मांग

# समूह की सात महिलाओं का पैसा कर लिया आहरित, अब दी जा रही धमकी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



कलेक्टर दिलीप कुमार यादव ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित जनसुनवाई में 159 आवेदकों की समस्याएं और शिकायतें सुनी। कलेक्टर ने यहां दूरस्थ स्थानों से पहुंचे ग्रामीणों से रू-ब-रू संवाद कर उनकी समस्याओं को जाना और अधिकारियों को उनके निराकरण के निर्देश दिए। जनसुनवाई के दौरान अधिकांश मामले भूमि, खसरा, नामांतरण-बंटवारा, आयुष्मान कार्ड, बिजली व्यवस्था, ट्रांसफॉर्मर बदलवाने, बिजली बिल अधिक आने, ई-केवायसी आदि के आवेदनों की सुनवाई कर निराकरण के कलेक्टर ने निर्देश दिए।

#### अवैध निर्माण पर करें कार्यवाही

`जनसुनवाई के दौरान तहसील रीठी निवासी आवेदक नारायण परमार ने कलेक्टर दिलीप कुमार यादव के समक्ष आवेदन देते हुए बताया कि ग्राम अमगवां तहसील रीठी में स्थित भूमि जिसका खसरा नंबर 4325 रकबा 3.28 है मेरी पैतृक भूमि है। जिसका विवाद न्यायालय में लंबित होने के बावजूद भी धर्मेन्द्र अग्रवाल द्वारा अवैध अतिक्रमण व निर्माण किये जाने की जानकारी देने पर कलेक्टर श्री यादव ने रीठी तहसीलदार को नियमानुसार कार्यवाही करने के निर्देश दिए।

ग्राम पंचायत देवरी हटाई निवासी लक्ष्मी नामदेव, प्रेमलाल नामदेव एवं पंछी बाई नामदेव ने कलेक्टर के समक्ष आवेदन प्रस्तुत कर कहा कि हमारा परिवार 4 पीढ़ियों से भटियां (छिपाही) में महुआ बीनता है एवं जमीन पर काबिज होने एवं पट्टा की मांग किये जाने पर कलेक्टर श्री यादव ने फॉरेस्ट विभाग को जांच कर नियमानुसार कार्यवाही करने के निर्देश दिए।

#### धोखाधड़ी पर करें कार्यवाही

जनसुनवाई के दौरान ग्राम-बम्हौरी, थाना एवं तहसील बरही निवासी ममता तिवारी, रीता, ज्योति दुबे, ममता गुप्ता, प्रेमाबाई, विमला यादव एवं अहिल्या यादव ने कलेक्टर श्री यादव को बताया हम सभी महिलायें समूह से जुड़ी है और समूह से हमारे नाम पर सुमन लता तिवारी पति सुरेन्द्र तिवारी निवासी ग्राम बम्हौरी के द्वारा हम सभी सात महिलाओं के नाम से समूह से गलत तरीके से बैंक खाते से पैसा आहरित कर लिया गया है एवं पैसा मांगने पर गाली-गलौज एवं आत्महत्या की धमकी दी जा रही है। आवेदिकाओं ने इस पर सुमन लता तिवारी एवं उनके पति सुरेन्द्र तिवारी पर कठोर कार्यवाही की मांग की। जिस पर कलेक्टर श्री यादव ने अग्रणी जिला प्रबंधक को प्रकरण की जांच करते हुए समय सीमा में कार्यवाही के निर्देश दिए।

#### भूमि को आबादी घोषित करें

ग्राम कछगवां से अशोक पटेल एवं अन्य आवेदकों ने बताया कि भूमि खसरा नंबर 462 रकवा 0.64 हेक्टेयर पर वे लगभग 50 वर्षों से निवास कर रहें हैं। परंतु विगत कुछ समय से शासकीय भूमियों का विक्रय एवं खुर्द- बुर्द करने वाले अराजक शक्तियों द्वारा शासकीय भूमि पर अवैध कब्जे एवं आवागमन प्रभावित होने की भ्रामक शिकायतें की जा रही है। जबकि ग्राम पंचायत द्वारा पूर्व मे भी आबादी घोषित करने की कार्यवाही कर प्रस्ताव आपके समक्ष भेजे जाने तथा आबादी घोषित करने की मांग पर कलेक्टर श्री यादव ने तहसीलदार को समय-सीमा में जांच कर प्रतिवेदन देने के निर्देश दिए।

---

## स्वरोजगार एवं हितग्राही मूलक योजनाओं में संबंधित विभाग शत प्रतिशत उपलब्धि प्राप्त करें- कलेक्टर

**उमरिया।** कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन ने समय की साप्ता हिक बैठक में विभिन्न विभागों के अधिकारियों से कहा कि स्वरोजगार एवं हितग्राही मूलक योजनाओं में संबंधित विभाग शत प्रतिशत उपलब्धि प्राप्त करें। कलेक्टर ने उद्योग विभाग तथा एन आर एल एम व्दारा शत प्रतिशत उपलब्धि पर प्रसन्नता जाहिर की। उन्होने उद्यानिकी विभाग, पशु पालन विभाग, नगरीय निकायों, आरसेटी सहित अन्य विभाग जिनके भौतिक एवं वित्तीय लक्ष्य अभी तक पूरे नही हो पाए है को निर्देश दिए कि वे बैंक शाखाओं का नियमित भ्रमण करें तथा जहां भी प्रकरण लंबित है वहां से प्रकरणों की स्वीकृति एवं वितरण की कार्यवाही सुनिश्चित कराएं। बैठक में सीईओ जिला पंचायत अभय सिंह, अपर कलेक्टर शिवगोविंद सिंह मरकाम, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक प्रतिपाल सिंह महोबिया, एसडीएम बांधवगढ कमलेश नीरज, एसडीएम मानपुर टी आर नाग, एसडीएम पाली अंबिकेश प्रताप सिंह, डिप्टी कलेक्टर मीनांक्षी इंगले, सहित जिला प्रमुख अधिकारी उपस्थित रहे।

## ओलंपियाड मे चयनित छात्रों को किया गया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

कलेक्टर दिलीप कुमार यादव ने मंगलवार को जिला व राज्य स्तर की ओलंपियाड प्रतियोगिता में चयनित जिले के 32 होनहार एवं प्रतिभावान छात्रों को स्मृति चिन्ह शील्ड, प्रमाण पत्र और उपहार देकर सम्मानित किया। कलेक्टर श्री यादव ने छात्रों को उनकी इस उपलब्धि पर शाबाशी दी, पीठ थपथपाई और आगे भी खूब मन लगाकर पढ़ाई करने की सीख दी। इस दौरान जिला पंचायत के सीईओ शिशिर गेमावत भी खास तौर पर मौजूद रहे।

कार्यक्रम के दौरान जिला स्तर पर चयनित 32 छात्रों एवं राज्य स्तर के लिए चयनित 7 छात्रों को कलेक्टर श्री दिलीप कुमार यादव द्वारा ट्रैक सूट, पानी की बॉटल, कम्पास बॉक्स मोमेंटो व प्रमाणपत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में संबंधित छात्रों को प्रोत्साहित करनें वाले शिक्षकों को भी सम्मानित किया गया।

---

*ग्रामीणों ने कहा यदि दुकान खुली तो करेंगे उग्र प्रदर्शन*

## बस्ती में शराब दुकान खोले जाने का ग्रामीणों ने जताया विरोध, सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



बड़गांव बस्ती में शराब दुकान खोले जाने का ग्रामीणों ने विरोध किया। ग्रामीणों का कहना है कि शराब दुकान बस्ती से दूर खोली जाए। ग्रामीणों द्वारा ग्राम पंचायत में विरोध प्रदर्शन करते हुए सरपंच के नेतृत्व में नायाब तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा गया। लोगों ने नारेबाजी की और कहा- मुख्य बस्ती में मंदिर व आंगनबाड़ी केंद्र के पास शराब कि दुकान खोलना गलत है। बस्ती में मंदिर के पास शराब की दुकान खुल रही है। इसके कारण मंदिर आवाजाही करने वाले श्रद्धालुओं को परेशानी का सामना करना पड़ेगा। महिलाओं और बच्चों की सुरक्षा भी प्रभावित होगी। लोगों ने बताया कि अगर शराब की दुकान खुल गई तो शराबियों व अराजक तत्वों का जमावड़ा सुबह से देर रात तक लगा रहेगा।

लोगों ने सरपंच को भी अपनी समस्याओं को लेकर शिकायत पत्र दिया है और दुकान का चयन बस्ती से दूर कराने की अपील की। इसके बाद सरपंच के नेतृत्व में बड़ी संख्या में एकत्रित ग्रामीण नायब तहसीलदार खगेश भलावी के पास पहुंचे और उन्हें समस्या से अवगत कराते हुए ज्ञापन पत्र सौंपा। ग्रामीणों का कहना है कि शराब दुकान खुलने के लिए जिस स्थान का चयन किया गया है वहां से चंद कदमों की दूरी पर ही आंगनबाड़ी तथा आयुष औषधालय है। वहीं उक्त चयनित स्थान के समीप ही सहकारी समिति और भारतीय स्टेट बैंक है। अगर यहां शराब दुकान खोली जाती है तो आये दिन लड़ाई झगड़ा तथा लूटपाट और चोरी जैसी घटनायें बढ़ेंगी। वहीं आंगनबाड़ी आने वाले बच्चों पर भी इसका बुरा प्रभाव पड़ेगा। घर के सामने शराब पीने से मना करने पर आए दिन मारपीट की नौबत बनी रहेगी, जिससे कानून व्यवस्था पर भी असर पड़ेगा। कोई बड़ी घटना भी हो सकती है। इसका जिम्मेदार शासन प्रशासन के उच्च अधिकारी ही होंगे। अगर शराब दुकान गाँव के भीतर खोली गई तो आगे इससे भी जोरदार प्रदर्शन किया जाएगा।

## ओवर लोड वाहन चालकों पर की गई कार्यवाही



यातयात नियमों का पालन नहीं करने वाले तथा क्षमता से अधिक सामग्री लादकर चलने वाले वाहन चालकों पर गत देर शाम यातायात पुलिस द्वारा कार्यवाही की गई। यातायात थाना प्रभारी राहुल पांडे ने बताया की पुलिस अधीक्षक अभिजीत कुमार रंजन के निर्देशन में शहर में चल रहे ओवर हाइट माल वाहक वाहनों के विरुद्ध गत देर शाम यातायात पुलिस द्वारा चांडक चौक में विशेष अभियान संचालित कर ओवर हाइट वाहनों की सघन चैकिंग की गई। वाहन चैकिंग में यातायात पुलिस द्वारा यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले 55 वाहन चालको के विरुद्ध वैधानिक कार्यवाही कर चालानी कार्यवाही की गई। साथ ही चैकिंग के दौरान बस क्रमांक MP-30-P-1010 का बस चालक बिना परमिट वाहन चलाते पाया गया। परमिट शर्तों का उल्लंघन करने पर बस चालक के विरुद्ध मौके पर मोटर व्हीकल एक्ट के तहत 10 हजार रुपए का चालान काटा गया। यातायात पुलिस द्वारा कुल 56 वाहन चालकों के विरुद्ध चालानी कार्यवाही करते हुए 38 हजार 200 रुपए राजस्व वसूल किया गया।

---

## फार्मर आईडी बनाने में कन्हवारा टॉप पर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

समर्थन मूल्य पर फसल उपार्जन हेतु पंजीयन और प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि जैसी किसानों के हित में चलाई जा रही योजनाओं का लाभ प्राप्त करने के लिए फार्मर आई.डी की आवश्यकता को देखते हुए कलेक्टर दिलीप कुमार यादव के निर्देश पर जिले की तहसील कटनी के वृत्त कन्हवारा में अभी तक करीब 93 फीसदी किसानों की फार्मर रजिस्ट्री हो चुकी है।

नायब तहसीलदार शिवभूषण सिंह ने बताया कि तहसील कटनी के वृत्त कन्हवारा में कुल लक्ष्य 4 हजार 947 के विरूद्ध अभी तक कुल 4 हजार 582 कृषकों की फार्मर आईडी बना ली गई है। शेष 365 कृषकों की फार्मर आई.डी का कार्य भी शीघ्र पूर्ण करनें का कार्य जारी है।

विदित हो कि जिले में कलेक्टर दिलीप कुमार यादव के निर्देशानुसार किसानों की फार्मर रजिस्ट्री का कार्य राजस्व एवं कृषि विभाग द्वारा ग्राम पंचायतों में शिविर का आयोजन किया जाकर अभियान के तौर पर किया जा रहा है।

जारी निर्देशों के मुताबिक मार्च 2025 के बाद पीएम किसान योजना का लाभ प्राप्त करने किसानों की फार्मर आईडी होना अनिवार्य है। फार्मर रजिस्ट्री के अंतर्गत प्रत्येक कृषक भूमि स्वामी को एक यूनिक आईडी जनरेट कर प्रदान की जा रही है ताकि कृषकों को आसानी से केसीसी ऋण कम्प्यूटरीकृत प्रक्रिया के माध्यम से प्राप्त हो सके और हितग्राही मूलक योजनाओं हेतु लक्ष्य निर्धारण एवं कम्प्यूटरीकृत प्रणाली से सत्यापन की प्रक्रिया सुनिश्चित की जा सके।

फार्मर रजिस्ट्री से किसानों की पहचान सुनिश्चित होगी, किसानों का डेटाबेस तैयार होगा और कृषि संबंधी नीतियों के क्रियान्वयन में मदद मिलेगी। फार्मर रजिस्ट्री या फार्मर आईडी से किसानों को पीएम किसान एवं अन्य शासकीय योजनाओं का लाभ लेने में भी आसानी होगी।

किसान घर बैठे मोबाइल एप के माध्यम से अपनी फार्मर रजिस्ट्री कर सकते है। इसके लिये उन्हें प्ले स्टोर पर जाकर फार्मर सहायक एमपी एप डाउनलोड करना होगा तथा आधार वेरिफिकेशन और मोबाइल नम्बर वेरिफिकेशन के बाद किसान को स्वयं की, कृषि भूमि की और समग्र आईडी की जानकारी इसमें दर्ज करनी होगी। मोबाइल एप के अलावा किसान पटवारी अथवा उनके गांव में नियुक्त सर्वेयर सहायक से भी फार्मर रजिस्ट्री करा सकेंगे। एमपी ऑनलाइन कियोस्क या कॉमन सर्विस सेंटर के माध्यम से भी निर्धारित शुल्क चुकाकर किसान

---

*माधवनगर थाना क्षेत्र के ग्राम टेढी में महुआ बीनने पर विवाद*

## कातिलाना हमला करने के बाद जंगल में छिपा था आरोपित, पुलिस ने दबोचा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी




माधवनगर थाना अंतर्गत ग्राम टेढी में बका से कातिलाना हमला करने वाले आरोपित को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। हमलावर वारदात के बाद जंगल में जाकर छिप गया था जिसे पुलिस ने धर लिया। यह कार्यवाही एसपी के निर्देशन में माधवनगर पुलिस द्वारा की गई।

जानकारी के अनुसार पुलिस को सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम गुबराधरी के राम सिंह गोंड को ग्राम टेढी का सियाराम लुनिया के द्वारा बका से हत्या करने की नियत से गले व हाथ मे चोट पहूँचाया है। घायल राम सिंह गौड 55 साल से पूछताछ की गई तो उसने बताया कि रविवार को सुबह करीब 11 बजे आरोपी सियाराम लुनिया के खेत में बनी मड़ई के पास महुआ बीनने की बात बोलने पर से धारदार बके से हमला कर दिया। इस हमले में राम सिंह के गले मे व दाहिने हाथ की ऊँगली मे चोट आई। रिपोर्ट पर धारा 296,109(1) 351(2) बी,एन,एस 3(2) V(क) 3(1)द 3(1)ध एसटी/एस,सी/एक्ट का कायम कर बिवेचना मे लिया गया। मामला एससीएसटी एक्ट का होने से पुलिस अधीक्षक के व्दारा बिवेचना अधिकारी डीएसपी अजाक प्रभात शुक्ला को नियुक्त कर किया। आरोपी की तलाश पतासाजी की गई जो आरोपी सुनहरा भटगवाँ जंगल से दस्तयाब हुआ। पूछताछ मे उसने अपना जुर्म स्वीकार कर लिया।

#### न्यायालय ने भेजा जेल

आरोपी सियाराम लुनिया पिता स्वः बृजलाल लुनिया 45 साल निवासी ढेडी से बका की जप्ती की गई। आरोपित को गिरफ्तार कर जेआर पर बिशेष न्यायालय कटनी के समक्ष पेश किया गया जहां से न्यायालय से आरोपी को जिला जेल मे दाखिल किया गया।

कार्यवाही में उप पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार शुक्ला अजाक, थाना प्रभारी माधवनगर उप निरीक्षक रूपेन्द्र सिंह राजपूत, चौकी प्रभारी निवार उप निरीक्षक नेहा मोर्या, सउनि कमलेश्वर शुक्ला प्र.आर मनीष असैया, देवेश कुमार, आर अरबिन्द कुशवाहा बकील यादव की भूमिका रही।

---

### कन्या महाविद्यालय में पहुंची विशेष जागरूकता फैलाने वाली वैन

## बाल विवाह को रोकने तथा इसके दुष्परिणामों के किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



शासकीय कन्या महाविद्यालय में बाल विवाह को रोकने के लिए तथा लोगों में जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से एक विशेष जागरूकता वैन परिसर में पहुंची। इस वैन का संचालन महिला बाल विकास विभाग कटनी द्वारा किया गया था। वैन पर लगे होर्डिंग्स के माध्यम से बाल विवाह के दुष्परिणामों और इसके खिलाफ जागरूकता बढ़ाने वाले कई प्रभावशाली स्लोगन लिखे गए थे।

यह वैन न केवल महाविद्यालय तक सीमित रही, बल्कि शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में स्थित शासकीय और अशासकीय संस्थानों में भी पहुंचकर लोगों को बाल विवाह की हानियों के बारे में जागरूक किया। इस पहल का मुख्य उद्देश्य समाज में व्याप्त इस कुप्रथा को समाप्त करना और इसके कानूनी, सामाजिक व स्वास्थ्य संबंधी नुकसानों से लोगों को अवगत कराना था।

वैन पर लिखे गए स्लोगनों में से कुछ इस प्रकार थेः पहला, "21 साल से कम उम्र के लड़के एवं 18 साल से कम उम्र की लड़की का विवाह कानूनी अपराध है।" यह स्लोगन भारत में बाल विवाह निषेध अधिनियम के प्रावधानों की ओर इशारा करता है, जो कम उम्र में विवाह को अवैध घोषित करता है। दूसरा स्लोगन था, "बाल विवाह होने से लड़की कम उम्र में माँ बन जाती है, इससे उसका और उसकी संतान का जीवन संकट में आ जाता है।" यह संदेश बाल विवाह के स्वास्थ्य संबंधी खतरों को उजागर करता है, जिसमें किशोरावस्था में गर्भधारण से माँ और बच्चे दोनों के लिए जोखिम बढ़ जाता है। तीसरा स्लोगन, "बाल विवाह घड़ा ज्यों कच्चा, माँ बीमार कुपोषित बच्चा," कुपोषण और स्वास्थ्य समस्याओं पर ध्यान केंद्रित करता है। चौथा स्लोगन, "बाबुल मोरा क्यों किया बाल विवाह? पढ़ने, पनपने की आयु में जीवन हुआ तबाह," भावनात्मक रूप से प्रभावशाली था, जो यह दर्शाता है कि बाल विवाह लड़कियों के शिक्षा और विकास के अवसरों को नष्ट कर देता है।

यह जागरूकता अभियान समाज में बाल विवाह के खिलाफ एक सशक्त संदेश देने में सफल रहा। छात्राओं और शिक्षकों ने इस अवसर पर बाल विवाह की रोकथाम के लिए अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की। इस तरह के प्रयास न केवल कानूनी जागरूकता फैलाते हैं, बल्कि सामाजिक बदलाव की दिशा में भी महत्वपूर्ण कदम साबित होते हैं। यह अभियान बाल विवाह के उन्मूलन और युवा पीढ़ी के सशक्तिकरण की दिशा में एक प्रेरणादायक पहल थी।

इस अवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. चित्रा प्रभात सहित कई वरिष्ठ प्राध्यापक और कर्मचारी उपस्थित रहे। इनमें डॉ. साधना जैन, डॉ. विमला मिंज, डॉ. रश्मि चतुर्वेदी, सुनीता श्रीवास्तव, डॉ. किरण खरादी, के.जे. सिन्हा, अमिताभ पांडेय, श्रीमती बंदना मिश्रा, विनेश यादव, नागेन्द्र यादव, के.जी. सिंह, भीम बर्मन, प्रेमलाल कावरे, डॉ. पी.सी. कोरी, डॉ. रीना मिश्रा, आंजनेय तिवारी, नम्रता निगम, आरती वर्मा, श्रीमती स्मृति दहायत, श्रद्धा वर्मा, श्रीमती रिचा दुबे, प्रियंका सोनी, सृष्टि श्रीवास्तव, डॉ. वंदना चौहान, डॉ. सपना झारिया, डॉ. स्मिता यादव शामिल रहीं।

## 421 लोगों ने जमा किया 27 लाख 18 हजार रूपए टैक्स

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

नगर निगम सीमांतर्गत स्वयं के उपयोग वाली संपत्ति में 1 अप्रैल से राशि दो गुना हो जायेगी जिसमें आने वाली लोक अदालत में भी राहत नहीं मिलेगी, करदाता 31 मार्च के पूर्व राशि जमा कर दो गुना राशि चुकाने से बचें।

नगर निगम की आर्थिक स्थिति मजबूत करने तथा लक्ष्य के अनुरूप राजस्व आय बढ़ाने के उद्देश्य से निगमायुक्त नीलेश दुबे के निर्देशन में निर्धारित लक्ष्य की प्राप्ति के लिए लगातार वसूली अभियान चलाया जा रहा हैं। जिसमें राजस्व की टीम लगातार मैदान में उतरकर करदाताओं से बकाया करों की राशि जमा करने हेतु अधिक से अधिक करदाताओं से सम्पर्क कर बकाया राशि जमा करायी जा रही है।

राजस्व अधिकारी जागेश्वर प्रसाद पाठक ने बताया कि 24 मार्च को 421 करदाताओं ने 27 लाख 18 हजार रूपये की राशि जमा की है, शेष निर्धारित लक्ष्य अनुरूप राशि करदाताओं से वसूल की जाना है। उन्होंने बताया कि करदाताओं के पास बकाया करों की राशि जमा करने अब मात्र 6 दिन शेष है, 31 मार्च के बाद 1 अप्रैल से स्वयं के उपयोग वाली संपत्ति पर दो गुना राशि कर दी जायेगी जो आगामी वित्तीय वर्ष में आने वाली लोक लदालत में भी छूट नहीं मिलेगी। उन्होंने बताया कि करदाताओं की सुविधा के लिए समस्त कैश काउण्टरों को अवकाश दिनों में भी खोलने के निर्देश दिये गए है।

निगमायुक्त नीलेश दुबे ने समस्त करदाताओं से अपील की है कि 31 मार्च के पूर्व अपनी करों की राशि जमा कर नगर निगम की अप्रिय कार्यवाही से बचें तथा निगम विकास में सहयोग प्रदान करें।

### नहीं पहुंचे प्रस्तावक, भाजपा जिलाध्यक्ष ने संभाला मोर्चा, मनभेद को दूर करने में पाई सफलता

# औंधे मुंह गिरा बदरा जनपद अध्यक्ष के विरूद्ध अविश्वास प्रस्ताव

**अनूपपुर। जिले के जनपद पंचायत बदरा की अध्यक्ष श्रीमती धनमती सिंह के विरुद्ध लगाया गया अविश्वास प्रस्ताव उस समय धराशाही हो गया जब 26 मार्च 2025 को अनूपपुर जनपद पंचायत कार्यालय में मतदान के लिए जनपद सदस्यों को उपस्थित होना था लेकिन अविश्वास प्रस्ताव में शामिल एक भी जनपद सदस्य मतदान के लिए उपस्थित नहीं हुए यहां तक की प्रस्तावक समर्थक भी अविश्वास के विरुद्ध खड़े नजर नहीं आए और अविश्वास प्रस्ताव पूरी तरह से धराशाही हो गया।**

### जनपद उपाध्यक्ष सहित कांग्रेस ने लाया अविश्वास प्रस्ताव

जनपद पंचायत बदरा के अध्यक्ष श्रीमती धनमती सिंह के विरुद्ध जनपद के कांग्रेस के सदस्यों ने मिलकर कल 7 लोगों ने अविश्वास प्रस्ताव लगाया था जिसको लेकर प्रशासन द्वारा 26 मार्च 2025 को बदरा जनपद कार्यालय में मतदान कराया जाना सुनिश्चित किया गया था जिसमें जनपद के कुल 17 सदस्यों को उपस्थित होकर अविश्वास प्रस्ताव के प्रति मतदान करना था लेकिन कोई भी सदस्य मतदान के लिए उपस्थित नहीं हुए इस तरह से अविश्वास प्रस्ताव अवधे मुंह गिर गया ।







### भाजपा जिला अध्यक्ष ने संभाला मोर्चा

भारतीय जनता पार्टी समर्थित जनपद अध्यक्ष श्रीमती धनमती सिंह के विरुद्ध लगाए गए अविश्वास प्रस्ताव को लेकर भाजपा जिला अध्यक्ष हीरा सिंह श्याम ने मोर्चा संभालते हुए जिले के महामंत्री अखिलेश द्विवेदी एवं मंडल अध्यक्ष मुकेश पटेल को मैदान में उतारा तथा स्वयं अविश्वास प्रस्ताव को खारिज करने के लिए जनपद सदस्यों एवं अध्यक्ष के बीच मनभेद को दूर करने का कार्य किया और सफलता हासिल हुई।

### भाजपा कार्यकर्ताओं ने मनाया जश्न

अध्यक्ष के खिलाफ विश्वास गिरने के पश्चात जनपद कार्यालय बदरा में भाजपा कार्यकर्ताओं ने जश्न मनाते हुए अध्यक्ष श्रीमती धनमती सिंह को बधाई दी इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष ने जनपद अध्यक्ष को बधाई देते हुए उनके उज्वलल भविष्य की कामना की तथा कहा की सभी को संगठन के रीति नीति के हिसाब से कार्य करने की आवश्यकता है आपस में तालमेल में बनाकर कार्य करें मनभेद को दूर करें, जो अविश्वास लगा वह दुर्भाग्यपूर्ण था इस भूल को अब सुधारने की आवश्यकता है। जनपद अध्यक्ष धनमती सिंह ने कहा कि हमें नहीं पता है कि किस बात की लड़ाई थी और यह सब कैसे और क्यों हुआ संगठन ने मेरा पूरा सहयोग किया है इसके लिए हम भारतीय जनता पार्टी के प्रति धन्यवाद ज्ञापित करते हैं उपरोक्त जानकारी भाजपा जिला मीडिया प्रभारी राजेश सिंह द्वारा दी गई

## खबर संक्षेप

### पत्रकार के खिलाफ झूठा प्रकरण दर्ज करने पर पत्रकार परिषद आज सौंपेगा ज्ञापन

**अनूपपुर।** भोपाल के पत्रकार कुलदीप सिंगोरिया के खिलाफ फर्जी अपराध पंजीबद्ध किए जाने के विरोध एवं निष्पक्ष जांच की मांग को लेकर राष्ट्रीय श्रमजीवी पत्रकार परिषद इकाई अनूपपुर द्वारा आज 27 मार्च गुरूवार की दोपहर 1 बजे मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर अनूपपुर को ज्ञापन सौंपेगें। राष्ट्रीय श्रमजीवी पत्रकार परिषद जिला इकाई अनूपपुर के जिलाध्यक्ष अमित शुक्ला ने बताया कि राजधानी भोपाल में पत्रकार कुलदीप सिंगोरिया के खिलाफ कटारा हिल्स थाना पुलिस द्वारा द्वेषपूर्ण कार्रवाई करते हुए एक्सीडेंट केस में अड़ीबाजी का झूठा प्रकरण बनाते हुए एफआईआर दर्ज कर आधी रात को उनके घर से गिरफ्तार किया गया। पुलिस द्वारा षड्यंत्रपूर्ण तरीके से पत्रकार कुलदीप के साथ किए गए उक्त अनैतिक कृत्य के विरोध में राष्ट्रीय श्रमजीवी पत्रकार परिषद जिला इकाई अनूपपुर एवं ब्लॉक इकाई के सभी पदाधिकारी एवं समस्त सदस्य 27 मार्च गुरूवार समय दोपहर 12 बजे कलेक्ट्रेट कार्यालय में उपस्थित होकर मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपेगें। ज्ञापन में परिषद द्वारा प्रदेश के मुख्यमंत्री से मांग की है कि जल्द से जल्द पत्रकार कुलदीप सिंगोरिया पर फर्जी प्रकरण दर्ज करने वाले थाना प्रभारी को बर्खास्त किया जाए साथ ही थाना प्रभारी के ऊपर फर्जी मुकदमा दायर करने का आपराधिक मामला पंजीबद्ध किया जाए। पत्रकार कुलदीप सिंगोरिया के खिलाफ पंजीबद्ध अपराध को तत्काल प्रभाव से वापस लिया जाए तथा फर्जी अपराध पंजीबद्ध करने के मामले मंख शामिल निष्पक्ष जांच करते हुए मामले में शामिल अन्य अधिकारियों के खिलाफ भी कार्यवाही किए जाने की मांग शामिल है।

### अलंकृता महिला समिति ने खदान प्रभावित ग्राम दैखल में बाटें मच्छरदानी



**अनूपपुर।** श्रद्धा महिला मंडल, एसईसीएल बिलासपुर के तत्वाधान में किए जा रहे सामाजिक कार्यों से प्रेरित होकर समाज के प्रति अपने उतरदायित्व को निभाते हुए जमुना कोतमा क्षेत्र की अलंकृता महिला समिति द्वारा खदान प्रभावित ग्राम पंचायत दैखल में 50 जरूरतमंद महिलाओं एवं वृद्धों को मच्छरदानी का वितरण किया। इस कार्यक्रम में अलंकृता महिला समिति की अध्यक्षा ने महिलाओं को मच्छरदानी वितरण के साथ सभी को मच्छर के काटने से होने वाली बीमारियों के बारे में भी बताया और इससे बचने की सलाह दी। कार्य का आयोजन अलंकृता महिला समिति के अध्यक्षा श्रीमती किशोरी त्रिपाठी के दिशानिर्देश व मार्गदर्शन में सम्पन्न किया गया। इस कार्यक्रम में अलंकृता महिला समिति के सदस्य श्रीमती रुची हस्ते, श्रीमती दानेश्वरी कुमार, श्रीमती जयश्री मजुमदार, श्रीमती दया द्रीवेदी, श्रीमती अंजू दयाल, श्रीमती कमलश्री जैन, श्रीमती पूनम चौधरी, श्रीमती भारती जेना, श्रीमती सविता गर्ग एवं श्रीमती जयश्री साव उपस्थित थे जिनके सहयोग से यह कार्यक्रम सफलता पूर्वक सम्पन्न हुआ।

# बदहाल स्वास्थ्य व्यवस्था के सुधार के लिए अनशन लगातार जारी



### आम आदमी, गोंगपा समेत अधिवक्ता संघ ने भी दिया समर्थन, जिम्मेदारों ने बनाई दूरी

**कोतमा।** नगर की बदहाल स्वास्थ्य व्यवस्था के सुधार और आधा दर्जन से ज्यादा डॉक्टरों के खाली पड़े पद को लेकर पिछले 3 दिनों से नगरवासी एवं पूर्व पार्षद देवशरण सिंह, दीपक पटेल आमरण अनशन पर बैठे हैं। बुधवार को अचानक अनशनकारी देवशरण के स्वास्थ्य बिगाड़ने के कारण तत्काल जांच की गई। तीसरे दिन भी लगातार नगर वासियों का अनशन स्थल पहुंचने का सिलसिला बरकरार रहा। सभी का कहना है कि डॉक्टरों की भर्ती होना अत्यंत आवश्यक है। प्रशासन के द्वारा अलग-अलग दो चरणों में बात की गई लेकिन दोनों बार भी समाधान नहीं हो सका। स्वास्थ्य विभाग द्वारा प्रतिदिन अनशनकारियों के स्वास्थ्य की नियमित जांच की जा रही है। पड़ रही तेज गर्मी एवं लाइट न होने के कारण अनशनकारियो के स्वास्थ्य पर भी प्रतिकूल असर पड़ने लगा है। नगर के राजेश जैन बद्री ताम्रकार, राजेश सोनी, हामिद अली, सचिन जैन, संतोष, प्रशांत, सहित विभिन्न संगठनों के द्वारा भी अनशन को समर्थन दिया गया है 26 मार्च से अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष राजेश सोनी एड, समाजसेवी राजेश जैन, राकेश श्रीवास ने हडतालियों को समर्थन दिया। दूसरी ओर गोडवाना गणतंत्र पार्टी के जिला कार्यवाहक अध्यक्ष चंद्रिका सिंह मरकाम व आम आदमी पार्टी के जिलाध्यक्ष संदीप कुमार पडवार अपने अपने साथियों के साथ अनशन स्थल पहुंचकर अनशनकारियों के साथ हडताल मे शामिल होते हुये अनशन को समर्थन दिया।

### जिम्मेदारों ने बनाई दूरी

अनशन के दिन दो बार प्रशासन द्वारा समझाइस देकर अनशन को समाप्त कराने का प्रयास किया गया था। जिसके बाद फिर कोई जिम्मेदार अनशनकारियों से बातचीत करने नहीं पहुंचा। अस्पताल में अव्यस्था एवं चल रहे अनशन के बारे में बात करने पर सीएमएचओ आर के वर्मा ने बताया कि डॉक्टर की भर्ती को लेकर लगातार प्रदेश स्तर पर पत्राचार किया गया है। सुबह 9 बजे से ओपीडी चालू है। सभी प्रकार की जांच की जा रही है। सफाई भी प्रतिदिन होती है। अनशनकारी देवशरण सिंह एवं दीपक पटेल ने बताया कि विशेषज्ञ सहित एमबीबीएस डॉक्टर की मांग पूरी होने तक अनशन जारी रहेगा।

### इनका कहना है

डॉक्टर की भर्ती को लेकर समय-समय पर पत्राचार किया जाता है आने वाले दिनों में डॉक्टरों की भर्ती हो जाएगी।

**डॉ. आर के वर्मा**
**सीएमएचओ, जिला अनूपपुर**

### तेजस्वी पटेल का नवोदय विद्यालय में हुआ चयन



**अनूपपुर।** लिटिल स्टेप्स हाई स्कूल के कक्षा 5 के प्रतिभाशाली छात्र तेजस्वी पटेल ने जवाहर नवोदय विद्यालय की प्रवेश परीक्षा में सफलता प्राप्त की है। यह न केवल उनके परिवार के लिए, बल्कि पूरे विद्यालय और जिले के लिए गर्व और प्रेरणा का विषय है। तेजस्वी पटेल ने अपने कठिन परिश्रम, आत्मविश्वास और निरंतर प्रयासों से यह मुकाम हासिल किया है। नवोदय विद्यालय जैसी प्रतिष्ठित संस्था में प्रवेश पाना आसान नहीं होता, क्योंकि इसमें लाखों विद्यार्थी परीक्षा देते हैं और केवल श्रेष्ठ छात्रों का चयन होता है। तेजस्वी की इस उपलब्धि ने यह साबित कर दिया कि जब सच्ची लगन और मेहनत हो, तो कोई भी लक्ष्य असंभव नहीं होता। विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमती प्रियंका शुक्ला ने तेजस्वी पटेल को उनकी इस सफलता के लिए बधाई दी और कहा कि यह हमारे विद्यालय की गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा, अनुशासन, शिक्षकों के समर्पण और विद्यार्थियों की मेहनत का परिणाम है। उन्होंने यह भी कहा कि तेजस्वी की सफलता अन्य विद्यार्थियों को भी प्रेरित करेगी कि वे भी अपने लक्ष्य को पाने के लिए मेहनत करें और आगे बढ़ें। तेजस्वी की इस सफलता में उनके माता-पिता और शिक्षकों का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। शिक्षकगणों ने उनके बौद्धिक विकास में सहायता की, मार्गदर्शन प्रदान किया और उन्हें हर कदम पर प्रेरित किया। साथ ही, उनके अभिभावकों ने भी उन्हें निरंतर सहयोग दिया और उन्हें आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया।



# सांवरिया संग होली मिलन समारोह में महिलाओं ने बढ़ चढ़कर लिया हिस्सा

### रंगारंग कार्यक्रम की महिलाओं ने दी प्रस्तति

**अनूपपुर।** 23 मार्च रविवार को अनूपपुर महिला मण्डल द्वारा होली मिलन समारोह नगर के सर लगन पैलेस मे आयोजित किया गया जिसमे अनूपपुर नगर सहित कोतमा, भालूमाडा, चचाई, जैतहरी व शहडोल की महिलाओं ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराकर सांवरिया संग होली के कार्यक्रम मे सभी उम्र की महिलाओं ने कार्यक्रम मे प्रस्तुति दी जिसमे एक मिशाल पेश की कि उम्र कोई मायने नही रखता, जिसमे 21 वर्ष से लेकर 75 वर्ष तक की महिलाओं ने होली मिलन समारोह मे अपनी रंगारंग प्रस्तुति दी जिसमे एकल नृत्य, सामूहिक नृत्य, हास्य, व्यंग्य के साथ होली के ठहाके के साथ जमकर थिरके। इस पूरे कार्यक्रम के आयोजन की तैयारी एक माह पूर्व से अनूपपुर नगर पालिका पार्षद डॉक्टर प्रवीण त्रिपाठी, श्रीमती निर्मला मिश्रा एवं श्रीमती आकांक्षा शुक्ला व उनके आयोजक मण्डल डॉक्टर सरोज शुक्ला, निधि खण्डेलवाल, पूनम पाण्डेय, संजना केशरवानी, वंदना अग्रवाल, मंजू सिह ने आयोजन को सफल बनाने मे अपना विशेष योगदान दिया। कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि के रूप मे जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती प्रीति सिंह व अनूपपुर नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती अंजुलिका सिंह सम्मिलित हुई।

कार्यक्रम मे नृत्य, भजन के साथ साथ महिलाओं के लिए क्विज प्रतियोगिता भी कराई गई जिसका महिलाओं ने जमकर आनंद उठाया। कार्यक्रम मे श्रीमती सुधा मालवीय, सरिता खेमका, वंदना जैन, खूशबू गोयल, ऊषा शर्मा, जैतहरी से मंजू मिश्रा, आभा दत्ता, सावित्री त्रिपाठी ने भजन गाकर मंत्रमुग्ध कर दिया। अर्पिता शुक्ला, सजनी सोनी, किरण शुक्ला, अनुराधा चतुर्वेदी, प्रिया शर्मा, अल्का मिश्रा, अल्का जायसवाल, सोनल सिन्हा, नीलम गुप्ता, अंशू



गुप्ता, पूनम पाण्डेय, किरण पाण्डेय, विनीता सिंह, मंजू सिंह, किरण तिवारी ने नृत्य की शानदार प्रस्तुति दी। कार्यक्रम के अंत मे आयोजक मण्डल की महिलाओं ने बुंदेलखण्डी राई नृत्य करके उपस्थित महिलाओं का मन मोह लिया। कार्यक्रम मे लगभग 150 महिलाओं ने सहभागिता निभाई, अंत मे कार्यक्रम का समापन बांके बिहारी की आरती के साथ संपन्न हुई एवं कार्यक्रम का आभार डॉक्टर सरोज शुक्ला ने व्यक्त किया।

# छः माह से जिले में सड़क दुर्घटनाओं में आ रही लगातार कमी दर्ज

### घायलों की संख्या हुई 38.09% कम, दुर्घटना में मृत्यु की संख्या में आई 32.14% की कमी

**अनूपपुर।** पुलिस अधीक्षक अनूपपुर मोती उर रहमान द्वारा सड़क दुर्घटनाओं को लक्षित कर, दुर्घटना को कम करने की दिशा में कार्य करने के निर्देश दिए गए थे, जिसकी कार्य योजना तैयार कर दुर्घटना के मुख्य कारण ड्रिंक एंड ड्राइव, दुर्घटना संभावित स्थानों पर सुधार कार्य, रात्रि के समय रोड पर खड़े वाहन को हटवाने तथा पार्किंग लाइट जलवाने की कार्यवाही, तेज गति से वाहन चलाने वालों पर कार्यवाही प्रारंभ की गई, जिसके परिणाम स्वरूप विगत 6 माह से अनूपपुर जिले में सड़क दुर्घटनाओं में लगातार कमी दर्ज की जा रही है।

### क्या कहते है आंकड़े

अनूपपुर जिले के क्षेत्र अंतर्गत फरवरी में 30 सड़क दुर्घटनाएं हुई जो विगत वर्ष घटित 31 एक्सीडेंट की तुलना में 3.22% कम है। इन दुर्घनाओं में 13 लोग घायल हुए, जो विगत वर्ष हुए एक्सीडेंट में घायलों की संख्या 21 की तुलना में 38.09% की कमी आई। इसी प्रकार फरवरी माह में एक्सीडेंट में 19 लोगों की मृत्यु हुई, जो विगत वर्ष दुर्घटनाओं मे हुई 28 मृत्यु की तुलना में 32.14% कम है। अक्सर सड़क दुर्घटनाओ में पिछले वर्ष की तुलना में वृद्धि की प्रवृत्ति पाई जाती है, परंतु दुर्घटनाओं को रोकने की दिशा में किया जा रहे हैं, विशेष प्रयासों के परिणाम स्वरूप हमारे जिले में फरवरी माह में सड़क दुर्घटना, दुर्घटना में घायल एवं दुर्घटना में मृत्यु तीनों आंकड़ों में कमी आई है।

### सड़क दुर्घटनाएं रोकने हेतु किए गए प्रयास

प्रतिदिन वाहन चेकिंग कर शराब के नशे में वाहन चलाने वाले वाहन चालकों पर लगातार कार्यवाही की जा रही है, इस माह 76 वाहन चालक शराब के नशे में वाहन चलाते पकड़ा गया जिन पर कार्यवाही कर माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया न्यायालय द्वारा उक्त वाहन चालकों पर 8,36,000 का जुर्माना लगाया गया।

### तेज गति से वाहन चलाने वाले 117 वाहन चालकों पर कार्यवाही

यातायात पुलिस द्वारा इंटरसेप्टर व्हीकल के माध्यम से तेज गति से वाहन चलाने वाले वाहन चालकों पर लगातार नजर रखी गई तथा ओवर स्पीड वाहन पाए जाने पर 117 वाहन चालकों पर कार्यवाही कर 121000 का जुर्माना लगाया गया। रात्रि में रोड किनारे खड़े वाहनों में पार्किंग लाइट जलवाने की कार्यवाही भी प्रतिदिन करवाई जा रही है। तथा अनावश्यक रूप से खड़े वाहनों को हटवाया भी जा रहा है। जिससे रात्रि में खड़े वाहनों से टकराकर होने वाले एक्सीडेंट को रोका जा सके।

### सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम

ट्रैफिक रूल्स की जानकारी ना होना भी सड़क दुर्घटना का कारण है। इस दिशा मे लगातार जागरूकता अभियान चलाए जा रहे है, जिसका लाभ भी आमजन को मिल रहा है। लोग ट्रैफिक रूल्स के प्रति जागरूक हो कर सावधान रहकर वाहन चला रहे है।

### चैत्र नवरात्रि में इस बार हाथी में सवार होकर धरती पर आएंगी मां दुर्गा

**अनूपपुर।** चैत्र नवरात्रि 30 मार्च से शुरू हो रही है और 6 अप्रैल को खत्म होगी। इस बार चैत्र नवरात्र नौ नही बल्कि आठ दिनों की होगी। चैत्र नवरात्रि में घटस्थापना 30 मार्च को होगी और रामनवमी 6 अप्रैल को होगी। नवरात्रि का आरंभ इस बार रविवार से होगा, इसलिए इस बार मां दुर्गा हाथी पर सवार होकर आएंगी। ऐसा माना जाता है कि यह रूप भक्तों की सभी इच्छाएं पूरी करता है। चैत्र नवरात्रि के पहले दिन कई शुभ योग बन रहे हैं और इस वक्त घटस्थापना बहुत शुभ फल देने वाली मानी जा रही है। मां दुर्गा की कृपा से भक्तों के सभी कार्य बिना किसी रुकावट के पूर्ण होंगे। चैत्र नवरात्रि के पहले दिन से ही हिंदू नववर्ष का आरंभ माना जाता है। चैत्र नवरात्रि पर्व को लेकर नगर के मंदिरों मढ़ियों एवं चौरा में मंदिर समितियां के द्वारा तैयारी भी शुरू कर दी गई है मंदिरों के रंग रोगन का कार्य शुरू हो गया है। मंदिरों को जगमग झालर की रोशनी से सजाया जा रहा है । नगर के ठाकुर बाबा धाम पंचायती मंदिर शारदा काली मंदिर बूढी दाई मंदिर धर्मशाला मंदिर गोहंड्रा स्थित काली मंदिर गोविंद कॉलोनी दुर्गा मंदिर लहसुई कैंप संतोषी मंदिर में तैयारी शुरू कर दी गई है। पंडित अमन पाण्डेय ने बताया कि चैत्र नवरात्रि में कलश स्थापना 29 मार्च को होगी। इस बार मां जगदंबे की पूजा सर्वार्थ सिद्धि योग में होगी। 29 मार्च को शाम 4 बजकर 32 मिनट पर प्रतिपदा तिथि शुरू हो रही है और यह तिथि 30 मार्च को दोपहर 12 बजकर 45 मिनट तक रहेगी। पूजा का शुभ समय 29 मार्च की शाम से शुरू हो जाएगा और जो कि 30 मार्च को दोपहर 12 बजकर 45 मिनट तक रहेगा। इसलिए, भक्त 30 मार्च की दोपहर तक कलश स्थापना कर सकते हैं। सर्वार्थ सिद्धि योग में पूजा करना बहुत शुभ माना जाता है। चैत्र नवरात्रि में सर्वार्थसिद्धि योग और रवि योग का संयोग बन रहा है। पंडित अमन पाण्डेय ने बताया कि चैत्र नवरात्रि में रवि योग और सर्वार्थ सिद्धि योग का अद्भुत संयोग बन रहा है। खास बात यह है कि महापर्व के दौरान चार दिन रवि योग तथा तीन दिन सर्वार्थसिद्धि योग का संयोग रहेगा। यानी, ये पूरा समय पूजा-पाठ और शुभ कामों के लिए अच्छा है। रवि योग और सर्वार्थसिद्धि योग दोनों ही ज्योतिष में बहुत शुभ माने जाते हैं। इन योगों में किए गए काम सफल होते हैं। पंडित अमन पाण्डेय ने बताया कि इस बार चैत्र नवरात्रि रविवार से शुरू हो रही है, इसलिए मां दुर्गा हाथी पर सवार होकर धरती पर आएंगी। ज्योतिष में यह बहुत शुभ माना जाता है। ऐसी मान्यता है कि इससे लोगों के धन में बढ़ोतरी होगी और देश की अर्थव्यवस्था अच्छी होगी। मां दुर्गा हाथी पर सवार होकर आएंगी और 7 अप्रैल को हाथी पर सवार होकर ही वापस जाएंगी। उदया तिथि के अनुसार, चैत्र शुक्ल प्रतिपदा 30 मार्च को है यानी कि घट स्थापना इसी दिन होगी। कलश स्थापना के लिए शुभ समय सुबह 6 बजकर 13 मिनट से 10 बजकर 22 मिनट तक होगी। इसके अलावा, दोपहर 12 बजकर 1 मिनट से 12 बजकर 50 मिनट तक अभिजीत मुहूर्त भी है। इन दोनों मुहूर्तों में कलश स्थापना करना मनोवांछित फल प्रदान करने वाला माना जाता है और आपको मां भगवती का आशीर्वाद प्राप्त होगा।

# जल्द सुलझेगा कोयला अधिकारियों के पे अपग्रेडेशन का मामला, मंत्रालय ने दिये संकेत

### सुप्रीम कोर्ट के निर्देश पर जबलपुर हाइकोर्ट में चल रही सुनवाई

**अनूपपुर।** कोयला अधिकारियों के पे-अपग्रेडेशन का मामला जल्द सुलझ सकता है। सोमवार को दिल्ली में कोयला अधिकारियों के वेतन विसंगति को लेकर गठित समिति की बैठक सकारात्मक रही है। इसमें कोल इंडिया समेत अन्य महारत्न कंपनियों के अधिकारियों व गैर- अधिकारियों के वेतनमान व प्रासंगिक दस्तावेजों पर चर्चा हुई. इस संदर्भ में - मंत्रालय ने पूरी जानकारी मांगी है। बताया गया कि इसपर चर्चा करने के लिए अगली बैठक जल्द बुलाई जायेगी ताकि वेतन विसंगति मामले का त्वरित निष्पादन हो सके. बता दें कि कोयला अधिकारियों के वेतन विसंगति मामले को लेकर सुप्रीम कोर्ट के निर्देश पर जबलपुर हाईकोर्ट में सुनवाई चल रही है। 11 मार्च 25 को हाईकोर्ट ने सुनवाई के बाद कोयला मंत्रालय व डीपीई को एफिडेविट दाखिल करने का निर्देश देते हुए सुनवाई की अगली तिथि सात अप्रैल 25 निर्धारित की है। वहीं कोयला मंत्रालय चाहता है कि हाईकोर्ट में होने वाली सुनवाई से पहले ही कोयला अधिकारियों के वेतन विसंगति मामले को सुलझा लिया जाये। बैठक में संयुक्त कोल सचिव बीबी पति, कोल इंडिया निदेशक (एचआर) डॉ विनय रंजन, एनसीएल के निदेशक (एचआर) एचआर मनीष कुमार, एमसीएल निदेशक (एचआर) केशव राव व डीपीई के एक प्रतिनिधि समेत अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

### कोड निर्धारण के लिए कमेटी गठित

बीसीसीएल, इसीएल व सीसीएल, एसईसीएल, एनसीएल, समेत कोल इंडिया व अनुषंगी कंपनियों में कार्यरत कोलकर्मी जल्द एक ही ड्रेस में काम करते नजर आयेंगे। कोल इंडिया प्रबंधन ने कोलकर्मियों के ड्रेस कोड निर्धारण को लेकर कमेटी गठित कर दी है। इसमें कोल इंडिया के छह अधिकारियों व पांच यूनियन के प्रतिनिधियों को शामिल किया गया है। सूचना के मुताबिक कमेटी अपने गठन के 15 दिनों के भीतर कोल इंडिया के निदेशक (एचआर) को अपनी सिफारिशें सौंपेगी।

### कमेटी में प्रबंधन से यह शामिल

ड्रेस कोड कमेटी में कोल इंडिया की ओर से एमसीएल के निदेशक (एचआर) केशव राव, डब्ल्यूसीएल के निदेशक (एचआर) डॉ. हेमंत शरद पांडे, कोल इंडिया के जीएम (एस एंड आर) ई. कार्तिकेयन, जीएम (एमएम) एसके मैमुद अली, एसइसीएल के जीएम (वित्त) रोटी बसु, कोल इंडिया के जीएम (एचआर) गौतम बनर्जी आदि को शामिल किया गया है। जबकि यूनियन प्रतिनिधयों में सुजीत सिंह (बीएमएस), रंजन बेहरा (बीएमएस), विनय सिंह (एचएमएस), अजय कुमार (एआइटीयूसी) व मंतोष ताये (सीआईटीयू) आदि को शामिल किया गया है।


**कार्यालय नगर परिषद जैतहरी, जिला अनूपपुर (म.प्र.)**
E-mail-cmojathari@mpurban.gov.in
क्रमांक. 1641 न.परि/ई.टेन्ड./लोक.नि.2025 अमरकंटक दिनांक-25/03/2025

**ई निविदा आमंत्रण सूचना**

एतद् द्वारा नगर परिषद जैतहरी निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाईन (ONLINE) निविदा आमंत्रित करती है उल्लेखित कार्य का विस्तृत विवरण वेबसाईड https://mptenders.gov.in/ देखी जा सकती है।

| क्रं. | आन लाईन टेण्डर नम्बर | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (लाख रूपये मे) | अमानत राशि | निविदा प्रपत्र का मूल्य | समयाधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 01. | 2025_UAD_412027 | Interception AND Diversion of Nallahs with STP works Project of JAITHARI town under SBM 2.0 | 3,46,65,000/- | 1,73,325/- | 15000/- | 12 माह |

1. सरल कमांक 01 निविदा प्रपत्र ऑनलाईन कय करनें का दिनांक 25/03/2024 समय शाम 15:30 बजे से 28/04/2024 समय शाम 17:30 तक क्रय की जा सकती है। 2. विस्तृत निविदा विज्ञप्ति टेंण्डर एवं अन्य दस्तावेज देखने एवं डाउनलोड करनें के लिए वेबसाईड पर सुविधा उपलब्ध है अधिक जानकारी के लिए https://mptenders.gov.in/ देखी जा सकती है। 3. निविदाकार टेण्डर डालने के पूर्व उपरोक्तानुसार स्थल का निरीक्षण कर सकते है। 4. निविदा में किसी भी प्रकार के संशोधन के लिए समाचार पत्र पर प्रकाशन नहीं किया जावेगा निविदा के संशोधन की जानकारी https://mptenders.gov.in/ पर देखी जा सकती है।

**मुख्य नगर पालिका अधिकारी**
**नगर परिषद, जैतहरी, जिला अनूपपुर (म.प्र.)**